अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 9314505000 | लॉग ऑन करें: www.chamaktarajasthan.com

RNI No. RAJHIN/2011/40950

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

# चमकता राजस्थान

Email- chamaktarajasthan8789@gmail.com | जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित | डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2022-23

जयपुर, शुक्रवार, 8 सितंबर 2023 | वर्ष : 14 | अंक : 25 | पृष्ठ : 8 | दैनिक प्रात: कालीन | मूल्य : 1 रूपया

### दुनिया के देशों के राष्ट्राध्यक्ष, प्रमुख और प्रतिनिधि कर रहे हैं जी20 में शिरकत

# जो बाइडेन से लेकर सुनक तक... दिल्ली के किस होटल में रुकेगा कौन मेहमान

आईटीसी मौर्य, शांगरी ला होटल, ताज होटल, द ललित होटल, इंपीरियल होटल में ठहरेंगे दिग्गज नेता

## होटलों के आसपास और रूट पर की गईं हैं कई लेयर की सुरक्षा व्यवस्था

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं वाले समूह जी20 के नेताओं का शिखर सम्मेलन होने जा रहा है। भारत की राजधानी में पहली बार हो रहे जी20 सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से लेकर ब्रिटेन, कनाडा, चीन, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री भी शिरकत कर रहे हैं। कई देशों के प्रमुख, प्रतिनिधि इसमें हिस्सा ले रहे हैं। जिसके चलते राजधानी दिल्ली में सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए हैं। विश्व के इन नेताओं को कहां पर ठहराया जा रहा है, उन जगहों पर कई लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक जी 20 शिखर सम्मेलन में यूक्रेन युद्ध को लेकर गहरे भू-राजनीतिक विभाजन के बीच दुनिया की कई गंभीर समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। इस तरह के मामले वैश्विक स्तर पर प्रगति को बड़ा खतरा पहुंचाने वाले हैं। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर अर्थव्यवस्था को लेकर उठी चिंताओं पर भी दुनिया के दिग्गज नेता चर्चा करेंगे। भारत इस सबके लिए मेजबान देश की भूमिका में है जिसके चलते उसको तमाम तैयारियां करनी पड़ रही हैं। खासकर सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं।



### मॉरीशस के पीएम दिल्ली पहुंचे, केंद्रीय मंत्री ने किया स्वागत

जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मेहमान दिल्ली पहुंचने लगे हैं। इसी क्रम में मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रवींद कुमार जुगनाथ दिल्ली पहुंचे हैं। दिल्ली हवाई अड्डे पर केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग व पर्यटन राज्य मंत्री श्रीपाद नाइक ने जुगनाथ का स्वागत किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट कर कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रवींद कुमार जुगनाथ दिल्ली पहुंचे हैं। भारत में उनका स्वागत है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में 8 से 10 सितंबर के बीच जी-20 देशों की बैठक होनी है। इस बैठक में दुनिया के 20 ताकतवर देशों के नेता शामिल होंगे। जी-20 को देखते हुए दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है और राजधानी को भव्य तरीके से सजाया गया।

### इन देशों के प्रतिनिधि आएंगे भारत

जी-20 शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग,सऊदी अरब के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान, क्राउन प्रिंस, इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज आदि हिस्सा लेंगे।

## एक नजर में कौन नेता, कहां रुकेगा

### यूएस प्रेसीडेंट जो बाइडेन



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन आईटीसी मौर्य में ठहरेंगे। जानकारी के मुताबिक करीब 400 कमरे बुक कराए हैं। बाइडेन यहां पर प्रेसिडेंशियल सूट में रहेंगे। जी-20 सम्मेलन को लेकर एक खास कंट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है। महंगी गाड़ियों, हथियार और बुलेट सहित कई अन्य सुरक्षा से जुड़े सामान को पहले ही यहां पर लाया गया।

### ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक



ब्रिटिश के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक पहली बार अपनी आधिकारिक भारत यात्रा पर आ रहे हैं। ब्रिटिश पीएम सुनक जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। वह शांगरी ला होटल में रुकेंगे। शिखर सम्मेलन से पहले 43 साल के ब्र टि शि पीएम सुनक ने पीएम मोदी के नेतृत्व की जमकर प्रशंसा की है और कहा कि भारत 'सही समय पर सही देश' है।

### चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग



जी20 शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग शिरकत नहीं कर रहे हैं। उनके भारत नहीं आने को लेकर बना संशय साफ हो गया है। उनकी जगह पर प्रधानमंत्री ली कियांग चीन के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। लेकिन उनके बाइडेन के साथ बैठक की संभावना कम नजर आ रही हैं। चीनी प्रतिनिधि मंडल दिल्ली के ताज होटल में ठहरेगा।

### कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो



कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो शनिवार और रविवार को जी20 शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली पहुंचने से पहले आसियान शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया की यात्रा पर हैं। कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो नई दिल्ली के द ललित होटल में ठहरेंगे। इसके आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जहां सुरक्षा बल पैनी नजर रख रहे हैं।

### पीएम एंथोनी अल्बानीज़



जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज भी अपनी 3 दिनों की भारत यात्रा पर आ रहे हैं। भारत यात्रा से पहले एंथनी अल्बानीज भी इंडोनेशिया और फिलीपींस के दौरे पर हैं। जी20 शिखर सम्मेलन के लिए आने वाले ऑस्ट्रेलियाई पीएम इंपीरियल होटल में ठहरेंगे। यहां उनकी सुरक्षा के इंतजाम किए हैं।

# यूपीआई से अब कैश भी विड्रॉ कर सकेंगे

### एटीएम पर क्यूआर कोड स्कैन करने से निकल जाएगा पैसा



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल काफी तेजी से बढ़ रहा है। लोग इसका इस्तेमाल छोटे से छोटे पेमेंट के लिए कर रहे हैं। देश में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए कई बैंक भी ग्राहकों को कई तरह की सुविधा दे रही है। देश में अब यूपीआई एटीएम को भी लॉन्च किया गया है। जापान की हिताची कंपनी ने नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से मिलकर व्हाइट लेबल एटीएम (WLA) के रूप में पहला यूपीआई-एटीएम (UPI-ATM) लॉन्च किया गया है। इसमें ग्राहक बड़ी आसानी से यूपीआई के जरिये एटीएम से कैश निकाल सकते हैं। यह डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। इस एटीएम को सबसे पहला इस्तेमाल 5 सितंबर 2023 को मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में इस्तेमाल किया गया है। कंपनी का मानना है कि इस सुविधा से ग्राहक बड़ी आसानी से अब एटीएम के जरिये कैश निकाल सकते हैं।

आज से पहले एटीएम से कैश निकालने के लिए हमें डेबिट कार्ड की जरूरत पड़ती थी। वहीं, यूपीआई एटीएम में हम बिना डेबिट कार्ड के भी एटीएम से कैश निकाल सकते हैं। यह एक सहज और सुरक्षित तरीका है एटीएम के जरिये कैश निकालने की। ऐसे में सवाल आता है कि हम यूपीआई एटीएम का इस्तेमाल कैसे करें?

### यूपीआई एटीएम का इस्तेमाल कैसे करें


आपको सबसे पहले एटीएम राशि डालना है जितना आपको कैश निकालना है।
इसके बाद आपके सामने क्यूआर कोड शो होगा।
अब आप यूपीआई क्यूआर कोड को स्कैन करें।
इसके बाद आपको यूपीआई पिन दर्ज करना है।
इसके बाद अब आप एटीएम से कैश कलेक्ट करना है।

### डेबिट कार्ड से कैसे अलग है यूपीआई एटीएम

-जैसे की नाम से ही पता चलता है यूपीआई एटीएम में हमें यूपीआई पिन का इस्तेमाल करना है। यह एक कार्डलेस ट्रांजेक्शन होता है। इसमें आप रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और ओटीपी के जरिये यूपीआई एटीएम का इस्तेमाल कर सकते हैं। आज के समय में आप बड़ी आसानी से एंड्रॉइड या आईओएस डिवाइस पर यूपीआई ऐप को इंस्टॉल कर सकते हैं।

# चंद्रयान 3 के बाद अब आदित्य एल1 ने ली सेल्फी, पृथ्वी और चंद्रमा का दिखा अद्भुत नजारा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चंद्रयान 3 की चांद पर सफल लैंडिंग के बाद विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर ने कई तस्वीरें साझा की है। अब सूर्य की जानकारी जुटाने के लिए लॉन्च किए गया आदित्य एल1 भी लैंडर की तरह चांद के साथ पृथ्वी की तस्वीरें भेज रहा है। आदित्य-एल1 ने आज पृथ्वी और चंद्रमा के साथ एक खास सेल्फी ली है, जिसे इसरो ने जारी किया है।




### पृथ्वी की कक्षा दूसरी बार बदली

बता दें कि आदित्य एल1 लॉन्चिंग के बाद से दो बार पृथ्वी की कक्षा (ऑर्बिट) बदल चुका है। हाल ही में इसरो ने यह जानकारी दी थी कि यह सूर्य के एल 1 प्वाइंट की ओर बढ़ रहा है। आदित्य एल-1 अब आगे बढ़ते हुए 245 किमी × 22459 किमी की कक्षा से निकलकर 282 किमी × 40225 किमी में पहुंच चुका है। इसरो ने आज आदित्य-एल1 सूर्य मिशन यान के कैमरे से ली गई सेल्फी के साथ एक पोस्ट किया। पोस्ट में एजेंसी ने पृथ्वी और चंद्रमा की तस्वीरें जारी कीं।

# 'सनातन' बयान पर उदयनिधि बोले-मेरी बातों का गलत मतलब निकाला, कहा-हम किसी धर्म के दुश्मन नहीं

**चेन्नई ( एजेंसी )।** तमिलनाडु छ्टरू एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने चेन्नई में 2 सितंबर को एक कार्यक्रम में सनातन धर्म के खिलाफ बयान दिया था। अब 4 दिन बाद उन्होंने पहली बार सफाई दी। उन्होंने कहा, वे किसी भी धर्म के दुश्मन नहीं हैं। उनके बयान का गलत मतलब निकाला गया। उदयनिधि ने गुरुवार को 4 पेज के स्टेटमेंट में अपनी बातों को साफ किया। इसी के साथ उदयनिधि के पिता एमके स्टालिन ने बेटे का बचाव किया। स्टालिन ने सोशल मीडिया पर बयान पोस्ट किया - भाजपा ने एक झूठी कहानी फैलाई है। पीएम ने भी बिना सच जाने इस पर कमेंट किया। दरअसल बुधवार को मंत्रिपरिषद की एक बैठक में पीएम ने सभी मंत्रियों को सनातन विवाद पर सख्त जवाब देने की बात कही थी। उदयनिधि ने 2 सितंबर को चेन्नई में आयोजित सनातन उन्मूलन कार्यक्रम में यह बात कही थी। जिससे विवाद हुआ। मोदी एंड कंपनी ध्यान भटकाने के लिए सनातन चाल का इस्तेमाल कर रही है। मोदी भारत में मणिपुर के बारे में सवालों का सामना करने से डरते हैं और अपने दोस्त अडाणी के साथ दुनिया भर में घूम रहे हैं। सच तो यह है कि लोगों की अज्ञानता ही उनकी नाटकीय राजनीति की पूंजी है। पिछले 9 सालों से, आपके (भाजपा) सभी वादे खोखले रहे। आपने वास्तव में हमारे कल्याण के लिए क्या किया है, यह सवाल वर्तमान में एक निहत्थे, फासीवादी भाजपा सरकार के खिलाफ पूरे देश द्वारा एकजुट होकर उठाया जा रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री फेक न्यूज के आधार पर मेरे खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। मैं भी एक अध्यात्मवादी हूं।

## 'उदयनिधि को एक थप्पड़ लगाओ, 10 लाख का इनाम पाओ', विजयवाड़ा में एक एनजीओ ने पोस्टर लगाकर किया एलान

**विजयवाड़ा ( एजेंसी )।** सनातन धर्म के खिलाफ बयान देकर डीएमके के नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन बुरी तरह फंस चुके हैं। एक तरफ जहां देश भर से भाजपा समेत कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनके बयान पर आपत्ति जाहिर की है। वहीं दिल्ली से लेकर कई जगहों पर उनके बयान के जरिए धार्मिक भावनाओं पर ठेस पहुंचाने के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में एक गैर-लाभकारी हिंदू संगठन जन जागरण समिति ने सनातन धर्म के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी के लिए उदयनिधि स्टालिन को थप्पड़ मारने वाले को 10 लाख रुपये नकद इनाम देने की घोषणा कर दी है। संगठन ने इसे लेकर विजयवाड़ा में कई जगहों पर पोस्टर भी लगाए हैं। कुछ दिनों पहले अयोध्या के एक संत परमहंस आचार्य ने उदयनिधि स्टालिन का सिर कलम करने वालों को 10 करोड़ रुपये का इनाम देने की भी घोषणा की। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अब इस वीडियो पर खुद उदयनिधि ने प्रतिक्रिया दी है। संत परमहंस आचार्य ने ये भी कहा था कि अगर 10 करोड़ रुपये उनका सिर काटने के लिए पर्याप्त नहीं हैं, तो मैं इनाम बढ़ा दूंगा, लेकिन सनातन धर्म के अपमान को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# दौसा में श्रद्धालुओं की बस का एक्सीडेंट, 2 की मौत

### एयरबैग नहीं खुला, रिटायर्ड आर्मीपर्सन ने तोड़ा दम; रेवदर में बाइक-सवारों को रौंदा

दौसा/नागौर/सिरोही (एजेंसी)। राजस्थान में बुधवार शाम से गुरुवार सुबह तक अलग-अलग 3 सड़क हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हो गए। गुरुवार तड़के 3 बजे दौसा के मेहंदीपुर बालाजी थाना इलाके में पाड़ली मोड़ पर सवारियां उतारती मिनी बस को पीछे से आए ट्रेलर ने टक्कर मार दी। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई और 11 घायल हो गए। एंबुलेंस की हड़ताल के कारण यहां घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाने में दिक्कत आई, स्थानीय लोगों ने पूरी मदद की। वहीं, नागौर के लाडनूं में कसुम्बी फांटा के पास बुधवार शाम 5.30 बजे स्विफ्ट और इनोवा कारों में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। स्विफ्ट कार में एयरबैग नहीं खुलने से रिटायर्ड आर्मीपर्सन की मौके पर ही मौत हो गई। इनोवा कार सवार दो लोगों घायल हो गए। उधर, सिरोही के रेवदर थाना इलाके में बुधवार रात 11.30 बजे शिवाली पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार दो लोगों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, दोनों की मौत हो गई। ये शादी समारोह से घर लौट रहे थे।

### दौसा : मध्यप्रदेश से मिनी बस में मेहंदीपुर आ रहे थे श्रद्धालु

दौसा के मेहंदीपुर बालाजी थाना इलाके में नेशनल हाईवे-21 पर गुरुवार तड़के 3 बजे भीषण हादसा हो गया। यहां मध्यप्रदेश से आए श्रद्धालुओं की सड़क किनारे खड़ी मिनी बस को पीछे से आए ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस सवार 2 लोगों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य घायल हो गए। मेहंदीपुर थाने के ड्यूटी अधिकारी हेड कॉन्स्टेबल जगलाल सिंह ने बताया- पाड़ली मोड़ पर मिनी बस ड्राइवर सवारियां उतार रहा था। इस दौरान श्रद्धालुओं से भरी बस को ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दी। बस सड़क किनारे पलट गई। एक महिला व पुरुष यात्री की मौत हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया- मिनी बस में सुरेर पाड़ली की कुछ सवारियां थीं। जिन्हें उतारने के लिए मिनी बस पाड़ली मोड़ पर रुकी थी। ट्रेलर ने साइड से टक्कर मारी। ट्रेलर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर बस में मौजूद सवारियों में चीख पुकार मच गई। आस-पास रहने वाले लोग घटनास्थल की पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत कर बस के नीचे दबे लोगों को निकालना शुरू किया। बच्चों-महिलाओं समेत 11 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सिकराय अस्पताल ले जाया गया। वहां से सभी को दौसा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। 8 को गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया है। तीन घायल जिला अस्पताल में ही उपचार रत हैं। हादसे के बाद मिनी बस के ड्राइवर-कंडक्टर फरार हो गए। जगलाल सिंह ने बताया- बस में श्रद्धालुओं के अलावा स्थानीय सवारियों को भी बैठा लिया गया था।

## चिंतन

# 12 सूत्री एजेंडे से आसियान भारत रिश्ते मजबूत होंगे

ते जी से बदल रही वैश्विक भू राजनीति में अंतरराष्ट्रीय समूहों का महत्व तेजी से बढ़ा है। एक तरफ अमेरिका है, दूसरी तरफ चीन व रूस हैं। भारत सबके साथ संतुलन बना कर वैश्विक व्यवस्था में अपने समावेशी विचारों, सभी मुल्कों की संप्रभुता का सम्मान, शांति और विकास के लोकतांत्रिक मूल्यों को आगे बढ़ा रहा है। दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन आसियान और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सहअस्तित्व के विचारों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया है। दक्षिण चीन सागर में चीन का मनमाना रवैया इस क्षेत्र के देशों को परेशान कर रहा है, जबकि भारत एक स्वभाविक सहयोगी साबित हो रहा है। आसियान के साथ सहयोग को हाल के वर्षों में अधिक मजबूत किया गया है। आसियान-भारत संवाद संबंध 1992 में एक क्षेत्रीय साझेदारी की स्थापना के साथ शुरू हुआ। इसने दिसंबर 1995 में एक पूर्ण संवाद साझेदारी और 2002 में एक शिखर स्तरीय साझेदारी का स्वरूप लिया। दोनों पक्षों के बीच संबंध 2012 में रणनीतिक साझेदारी तक पहुंच गए। चीन पर दबाव बनाए रखने के लिए जरूरी है कि एशिया में भारत मजबूती से दूसरे मुल्कों के साथ सहयोग को आगे बढ़ाए। आसियान के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में हो रहे सम्मेलन के दौरान भारत ने 12 सूत्री प्रस्ताव पेश किया है। इनमें कनेक्टिविटी, रणनीतिक साझेदारी व ट्रेड बढ़ाने, खाद्य सुरक्षा व समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने, डिजिटल बदलाव अपनाने, आतंकवाद, टेरर फाइनेंसिंग व साइबर दुष्प्रचार व अपराध के खिलाफ सामूहिक लड़ाई, ग्लोबल साउथ की आवाज को बुलंद करने व पर्यावरण की रक्षा करने आदि शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड-19 महामारी के बाद अब एक नियम आधारित विश्व व्यवस्था बनाने का आह्वान किया है। यह चीन की मनमानियों को रोकने के जरूरी है। पीएम मोदी ने दक्षिण-पूर्वी एशिया-भारत-पश्चिमी एशिया-यूरोप को जोड़ने वाले एक मल्टी-मॉडल संपर्क और आर्थिक गलियारे की स्थापना का विचार दिया है और आसियान देशों के साथ भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) को साझा करने की पेशकश की है। दोनों ही विचार वैश्विक कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा, जिससे ग्लोबल अर्थव्यवस्था बूस्ट होगी। भारत ने आसियान के मंच से मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र की प्रगति की पुरजोर वकालत की है। चीन लगातार हिंद प्रशांत क्षेत्र में अतिक्रमण कर रहा है, इससे स्वतंत्र व मुक्त समुद्री क्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन हो रहा है। पूर्वी एशिया सम्मेलन के मंच से पीएम ने सम्प्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता के लिए संयुक्त प्रयास की वकालत की है। दक्षिण पूर्व एशिया में आसियान सबसे प्रभावशाली समूह है, भारत, अमेरिका, चीन, जापान और ऑस्ट्रेलिया सहित कई अन्य देश इसके संवाद भागीदार हैं। आसियान के 10 सदस्य देश इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रुनेई, वियतनाम, लाओस, म्यांमार और कंबोडिया हैं। आसियान भारत की एक्ट ईस्ट नीति का केंद्रीय स्तंभ है। हमारा इतिहास-भूगोल भारत व आसियान को जोड़ता है। साझा मूल्यों के साथ-साथ क्षेत्रीय एकता, शांति, समृद्धि और बहुध्रुवीय दुनिया में साझा विश्वास भी भारत व आसियान को एक साथ बांधता है। 12 सूत्री एजेंडे से भारत और आसियान के बीच रिश्ते और मजबूत होंगे। एशिया में भारत को बड़ी भूमिका निभानी होगी।

## दो टूक

राज कुमार सिंह



# मुश्किल मुद्दों से किनारा करता 'इंडिया'

मुं बई में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की दो दिवसीय बैठक के निष्कर्षों पर भाजपा के कटाक्ष और सवाल समझे जा सकते हैं, पर वहां जो कुछ हुआ, अपेक्षित ही था। समान विचारवाले दलों में गठबंधन की राजनीति के दिन कब के हवा हो चुके, अब तो महज सत्ता प्राप्ति के साझा उद्देश्य से ही गठबंधन बनते हैं, चाहे वह एनडीए हो या फिर 'इंडिया'। हां, मुंबई बैठक में 'इंडिया' का लोगो जारी न हो पाना निराशाजनक है, पर बिना संयोजक ही सही, समन्वय समिति की घोषणा एक जरूरी कदम के रूप में सामने आई है। जाहिर है, परस्पर दलगत हितों के टकराव के मद्देनजर 'इंडिया' के घटक दल फूंक-फूंक कर कदम आगे बढ़ा रहे हैं। संयोजक को चुनावी चेहरे के रूप में देखा-दिखाया जा सकता है, इसलिए उसकी घोषणा के साथ ही खींचतान बढ़ भी सकती है। आखिर चार राज्यों में अपनी और तीन राज्यों में गठबंधन सरकार वाली कांग्रेस विपक्ष का सबसे बड़ा दल है, तो मात्र एक लोकसभा सांसद वाली आप की भी दो राज्यों में सरकार है। उधर नीतीश कुमार इस विपक्षी एकता के सूत्रधार रहे हैं, तो 42 लोकसभा सीटों वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बेहद जुझारू नेता हैं। नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा 18 सितंबर से संसद का पांच दिवसीय विशेष सत्र बुलाने तथा 'एक देश- एक चुनाव' के मुद्दे पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति की घोषणा से समय पूर्व लोकसभा चुनाव की आशंका भी गहराई है, इसलिए भी विपक्ष की कोशिश है कि टकराव वाले मुद्दों से किनारा करते हुए अपने गठबंधन को चुनाव के लिए तैयार किया जाए। फिर भी यह देखते हुए कि भाजपा की सबसे बड़ी चुनावी ताकत नरेंद्र मोदी का नाम और चेहरा ही है, 'इंडिया' को भी सामूहिक नेतृत्व की आड़ से निकल कर कोई चेहरा आगे करना ही पड़ेगा, पर उससे पहले सीटों का बंटबारा बड़ा मुद्दा है, जिस पर सब कुछ निर्भर करेगा और इसे टाला भी नहीं जा सकता, इसलिए मुंबई बैठक में प्रचार अभियान और सोशल मीडिया संबंधी समितियां गठित करते हुए 'इंडिया' ने जल्दी ही सीट शेयरिंग फॉर्मूला खोजने की बात भी कही है, पर यह इतना आसान नहीं। कहा जा रहा है कि अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए वे त्याग करने को तैयार हैं, लेकिन साझा न्यूनतम कार्यक्रम की दिशा में अभी तक कदम न बढ़ाये जाने पर कई तरह के सवाल उठ सकते हैं। मुंबई बैठक में पारित प्रस्ताव में बड़ी सावधानी से कहा गया है कि जहां तक संभव होगा, हम अगला चुनाव मिल कर लड़ेंगे। संकेत हैं कि टीएमसी-लेफ्ट के बीच तल्ख टकराव वाले पश्चिम बंगाल तथा कांग्रेस-लेफ्ट के बीच ही सत्ता संघर्ष वाले केरल में 'इंडिया' के घटक दलों में परस्पर चुनावी मुकाबला देखने को मिल सकता है। केरल में भाजपा का कोई प्रभाव नहीं है, इसलिए कांग्रेस या लेफ्ट में से जो भी जीते, 'इंडिया' की ही जीत होगी, लेकिन पश्चिम बंगाल में विपक्षी गठबंधन को इससे नुकसान हो सकता है। कांग्रेस और आप नेतृत्व अभी तक परस्पर समझदारी का संकेत दे रहे हैं, पर दिल्ली और पंजाब में उनके बीच भी सीट बंटबारा आसान नहीं होगा। विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग बहुत बड़ी चुनौती साबित होगी। कहीं 'एक देश- एक चुनाव' की सोच 'इंडिया' में ऐसे टकराव को बढ़ावा देने की मंशा से भी तो प्रेरित नहीं? मोदी सरकार का यह अकेला दांव नहीं है, जिससे 'इंडिया' में बौखलाहट है। जी-20 शिखर सम्मेलन के मेहमानों को रात्रिभोज के निमंत्रण पत्र पर 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' लिखे जाने से भी विपक्ष बौखलाया हुआ है कि कहीं विशेष संसद सत्र में देश का नाम बदलने का इरादा तो नहीं है? अल्पसंख्यक तुष्टिकरण का आरोप तो विपक्ष पर हमेशा रहा है। पहली बार विपक्ष में यह विश्वास दिख रहा है कि एकजुट होकर वह मोदी सरकार और भाजपा को हरा सकता है, तो अचानक एनडीए की सक्रियता से भाजपा की चुनावी चिंताएं भी पहली बार ही उजागर हो रही हैं। लोकतंत्र संख्या का खेल भी है, इसीलिए 26 दलों वाले 'इंडिया' पर मनोवैज्ञानिक बढ़त के लिए एनडीए ने 38 दलों का कुनबा इकट्ठा किया, पर मुंबई बैठक में 'इंडिया' का कुनबा भी 28 तक पहुंच गया है। यह सक्रियता और सेंधमारी चुनाव के बाद भी चल सकती है। इसी साल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं, जिनमें से राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला होगा। इन राज्यों के चुनाव परिणाम का असर दोनों गठबंधनों की मोर्चेबंदी पर ही नहीं, बल्कि 'इंडिया' के आंतरिक समीकरणों पर भी पड़ेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## जी-20

डॉ. आलोक शुक्ला

# जी-20 सम्मेलन-केवल उत्सव या वैश्विक चुनौतियों के समाधान का फोरम

> जी-20 का गठन वर्ष 1999 में वैश्विक अर्थ व्यवस्था, जलवायु परिवर्तन एवं सतत विकास की चुनौतियों से निपटने के उपाय करने के लिये किया गया था। इसके गठन का तत्कालिक कारण 1999 का एशियाई वित्तीय संकट था। जी-20 का पहला शिखर सम्मेलन वर्ष 2008 में वाशिंगटन डी.सी. में हुआ था। इसके पश्चात जी-20 का शिखर सम्मेलन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता रहा है। वर्ष 2010 के कोरिया शिखर सम्मेलन में निर्णय किया गया कि जी-20 की अध्यक्षता चक्रानुक्रम से सभी देश करेंगे। वर्तमान में भारत इसका अध्यक्ष है।

19 देशों और यूरोपीय संघ के वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक के गवर्नर्स के समूह को जी-20 या 'बीस के समूह' के रूप में जाना जाता है। इस संघ में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोपीयसंघ, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिणअफ्रीका, दक्षिणकोरिया, तुर्की, यूनाइटेडकिंगडम और संयुक्तराज्य अमेरिका शामिल हैं, और स्पेन स्थायी अतिथि हैं। जी-20 का 18 वां शिखर सम्मेलन 9 और 10 सितंबर 2023 को दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में होगा। इस सम्मेलन के लिए भारत में उत्सव जैसा वातावरण है। जी-20 की बैठकें केवल दिल्ली में ही नहीं बल्कि प्रत्येक प्रदेश में आयोजित की जा रही हैं, जिससे हमारे मेहमान, भारत की संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य के बारे में जान सकें। दिल्ली को दुल्हन की तरह सजाया गया है। मेहमानों के स्वागत की तैयारी का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सम्मेलन के दिनों में दिल्ली में शासकीय तथा बैंक अवकाश घोषित कर दिया गया है।

जी-20 का गठन वर्ष 1999 में वैश्विक अर्थ व्यवस्था, जलवायु परिवर्तन एवं सतत विकास की चुनौतियों से निपटने के उपाय करने के लिये किया गया था। इसके गठन का तत्कालिक कारण 1999 का एशियाई वित्तीय संकट था। जी-20 का पहला शिखर सम्मेलन वर्ष 2008 में वाशिंगटन डी.सी. में हुआ था। इसके पश्चात जी-20 का शिखर सम्मेलन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता रहा है। वर्ष 2010 के कोरिया शिखर सम्मेलन में निर्णय किया गया कि जी-20 की अध्यक्षता चक्रानुक्रम से सभी देश करेंगे। वर्तमान में भारत इसका अध्यक्ष है। जी-20 का महत्व इसी बात से जाना जा सकता है कि जी-20 देशों में दुनिया की 60% आबादी रहती है और इसका सकल घरेलू उत्पाद विश्व के सकल घरेलू उत्पाद का 80% है। वैश्विक व्यापार का 75% जी-20 देशों में होता है।

**जी-20 के समक्ष वर्तमान चुनौतियां :** प्रारंभ से ही जी-20 को कोविड-19 महामारी, वैश्विक वित्तीय संकट, ईरान के परमाणु कार्यक्रम, सीरिया के गृहयुध्द जैसी चुनौतियों से गुजरना पड़ा है। यूक्रेन-रूस युध्दऔर इस युध्द के कारण उत्पन्न वैश्विक खाद्य संकट की चुनौतियों का सामना यह समूह अभी भी कर रहा है। जी-20 के समक्ष वर्तमान में पहली और सबसे बड़ी चुनौती रूस-यूक्रेन युध्द है। पश्चिमी देशों का दबाव रूस पर काम नही कर रहा है। इसलिये, रूस और पश्चिमी देशों को साथ बैठकर कूटनीतिक हल खोजने की आवश्यकता है। अगर भारत की अध्यक्षता के दौरान इस युध्द का समाधान निकल सके, तो यह एक बड़ी उपलब्धि होगी। परन्तु,यूक्रेन युध्द के मसले पर जी-20 दो खेमों में बंटा हुआ दिखता है। रूस के व्लादीमीर पुतिन और चीन के शी जिनपिंग ने तो दिल्ली शिखर सम्मेलन में भाग न लेने का फैसला भी कर लिया है। ऐसे में यूक्रेन युद्ध के मसले पर मध्यस्थता करने की राह आसान नही है।



दूसरी बड़ी चुनौती आर्थिक है। पूरा विश्व इस समय मुद्रास्फिीति का सामना कर रहा है। जी-20 देशों में भी मंहगाई बड़ी समस्या बनती जा रही है। जी-20 के कुछ सदस्य देशों में तो महंगाई की दर 10% से अधिक हो चुकी है। महंगाई के बढ़ने का एक कारण रूस-यूक्रेन युध्द भी है। ऐसे में आर्थिक कठिनाइयों का समाधान भी आसन नही दिखता है। तीसरी चुनौती ऊर्जा की है। यूरोपीय देशऊर्जा के लिये रूस की गैस पर निर्भर होने के कारण सबसे ज़्यादा प्रभावित हैं। सर्दी के मौसम में जर्मनी जैसे देशों में गैस की कमी की समस्या विकराल रूप धारण कर सकती है। पश्चिमी देश रूस से तेल ख़रीदने के लिए भारत की आलोचना करते हैं। इस समस्या के हल के लिये अमरीका, रूस और सउदी अरब जैसे ऊर्जा उत्पादकों को यूरोप एवं अन्य ऊर्जा उपभोक्ताओं के साथ व्यवहारिक समझौते करने की आवश्यकता है। परन्तु, युध्द के चलते यह भी आसान नहीं है। चौथी चुनौती है, खाद्य सामग्री की कमी और बढ़ती क़ीमतें। अधिकतर देशों में केंद्रीय बैंक इसपर काबू पाने के लिए ब्याज दरें बढ़ा रहे हैं। परन्तु, ब्याज दरें बढ़ाने से खाद्य आपूर्ति नहीं बढ़ेगी और गरीब देश भुखमरी का शिकार भी हो सकते हैं। ब्याज दरों में बढ़ोतरी निवेश की गति को भी धीमा करेगी। धीमी अर्थव्यवस्था और बढ़ती मुद्रास्फीति से मंदी का ख़तरा भी है। जी-20 सम्मेलन में 100 आधिकारिक बैठकें, 50 अकादमिक संवाद, तथा वित्तीय समावेशन, आर्थिक प्रबंधन, वित्तपोषण, जलवायु प्रबंधन और टैक्स से जुड़े मसलों पर 40 बैठकें होंगी। भारत को इन मंचों का उपयोग वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिये चर्चा के फोरम के रूप में करना होगा, जिससे इन चुनौतियों से निपटने के उपायों पर आम सहमति बन सके, अन्यथा यह महत्वपूर्ण सम्मेलन केवल उत्सव बनकर रह जायेगा, और इससे हासिल कुछ न होगा।

*-लेखक शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव हैं।*

# मुंह के मौन से ज़्यादा ज़रूरी 'मन का मौन'



संकलित

## दर्शन

**राजयोगी ब्रह्मकुमार निकुंज जी:** हम सभी मनुष्य जन्मते ही अपना मुख चलाना शुरू कर देते हैं, जिसका प्रमाण है जन्म लेते ही शिशु का रोना। बोलना हमारी स्वाभाविक क्रिया है, जो हमें करनी ही पड़ती है। यह बात और है कि कभी-कभी बाहर के शोर में हम इतने खो जाते हैं कि ईश्वर का स्वर हमें सुनाई ही नहीं पड़ता। इसीलिए ही महापुरुषों से हमें एक उत्तम राय मिलती है कि सप्ताह में या माह में एक दिन अवश्य मौन रहें, परंतु हम मुख को तो बंद कर लेते हैं, परंतु हमारे मन का बोलना बंद नहीं हो पाता। इसलिए ही तो अधिकतर डाक्टर सभी मरीजों को कहते हैं कि 'अपने मन को ज्यादा नहीं चलाओ।' अर्थात 'मन का मौन' करो। कहते हैं कि बिना हड्डी की जीभ जब बोलने लगती है, तो कइयों की हड्डियां तोड़ देती है। इसीलिए तो हमें यह बचपन से सिखाया जाता है कि पहले सोचो फिर बोलो, क्योंकि जैसे कमान से निकला हुआ तीर वापस नहीं आता, ठीक उसी तरह मुख से निकला हुआ वचन भी वापस नहीं लिया जा सकता। इसका सबसे श्रेष्ठ उदहारण है महाभारत की कथा, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि कैसे एक जुबान के फिसलने से संकटकाल का निर्माण हो गया। इसीलिए 'कम बोलें-धीरे बोलें-मीठा बोलें।' हम जब भी कुछ बोलें तो हमारे वचन दूसरों के लिए सुखदायी हों, न कि कांटा चुभाने वाले दुखदायी। संसार में ऐसे अनेक लोग हैं जिन्होंने कटु वचन बोलने के संस्कार के कारण अपने संबंधों में खटास पैदा कर ली है।

# सफलता के लिए योजना बनाकर काम करे



संकलित

## प्रेरणा

जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है। योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत शब्द का बेवजह विरोध

हमारे देश के लिए बहुत ही सौभाग्य और गर्व की बात है कि इस बार के जी-20 सम्मेलन हमारे देश में हो रहे हैं। बहुत से देश इन सम्मेलनों को अपने यहां करवाने के लिए तरसते हैं, क्योंकि यह सम्मेलन उन्हीं देशों में होते हैं जिनका आचरण, व्यवहार अच्छा होता है, लेकिन बहुत ही अफसोस है कि जी-20 सम्मेलन के दौरान कुछ राजनीतिक दल संकीर्ण राजनीति कर देश की छवि को धूमिल करने में लगे हैं। हमारे देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जी-20 के राष्ट्राध्यक्षों को राष्ट्रपति भवन में रात्रि भोज के लिए आमंत्रित किया है और इसके निमंत्रण पत्र पर प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत का प्रयोग किया है। इस पर कुछ दलों को राजनीति करने की सूझी। हमारे देश का पौराणिक नाम भारत ही है, इसलिए इस शब्द पर बेवजह राजनीति नहीं होनी चाहिए। *- राजेश देशपांडे, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### मानव प्रगति में वृद्धि होगी



हमेशा मिलकर ख़ुशी होती है कि आसियान नेता आसियान-भारत शिखर सम्मेलन बेहतर भविष्य के लिए साझा दृष्टिकोण और सहयोग का प्रमाण है। हम भविष्य के क्षेत्रों में एक साथ काम करने के लिए तत्पर हैं जिससे मानव प्रगति में वृद्धि होगी।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### बेहतर कल की बुनियाद



भारत जोड़ो यात्रा के एकता और मोहब्बत की ओर करोड़ों कदम, देश के बेहतर कल की बुनियाद बने हैं। यात्रा जारी है - नफ़रत मिटने तक, भारत जुड़ने तक। ये वादा है मेरा...

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### उपभोक्ता-केंद्रित डिजिटलीकरण



इस यूपीआई एटीएम का स्पष्ट रूप से 5 सितंबर को मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2023 में अनावरण किया गया था। जिस गति से भारत वित्तीय सेवाओं का डिजिटलीकरण कर रहा है और उन्हें कॉर्पोरेट के बजाय उपभोक्ता-केंद्रित बना रहा है।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

### समय निकालना होगा



वाह, मुझे समय निकालना होगा आप सभी को धन्यवाद देना होगा जो सिनेमाघरों में और यहां तक कि बाहर भी इतनी खुशी से गए हैं। इसलिए अभिभूत हूं कि जैसे ही मैं एक या दो दिन में ठीक हो जाऊंगा, निश्चित रूप से आवश्यक कदम उठाऊंगा।

-शाहरुख खान, अभिनेता




## करंट अफेयर

# जापान ने दूरबीन ले जाने वाला रॉकेट किया प्रक्षेपित



जापान ने गुरुवार को एक एक्स-रे दूरबीन ले जाने वाला रॉकेट प्रक्षेपित किया, जो ब्रह्मांड की उत्पति का पता लगाएगा। जापान द्वारा प्रक्षेपित रॉकेट में दूरबीन के साथ-साथ चांद की सतह पर उतारने के लिए एक छोटा लैंडर भी भेजा गया है। दक्षिण-पश्चिमी जापान के तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से 'एचआईआई-ए' रॉकेट के प्रक्षेपण का जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) ने सीधा प्रसारण किया। रॉकेट के प्रक्षेपण और प्रशांत क्षेत्र पर उड़ान भरने के बाद जेएएक्सए के प्रवक्ता ने कहा, 'हमने रॉकेट प्रक्षेपित कर दिया।' प्रक्षेपण के 13 मिनट बाद रॉकेट ने एक्स-रे इमेजिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपी मिशन या एक्सआरआईएसएम नाम के एक उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया, जो गति मापेगा और आकाशगंगाओं के बीच की संरचना का पता लगाएगा। जेएएक्सए ने कहा कि इससे प्राप्त होने वाली जानकारी से यह जानने में मदद मिलेगी कि आकाशीय पिंड कैसे बनते हैं और उम्मीद है कि हम उस राज पर से भी पर्दा उठा सकेंगे कि कैसे ब्रह्मांड की उत्पति हुई। नासा के सहयोग से जेएएक्सए विभिन्न तरंग दैर्ध्य पर प्रकाश की शक्ति, अंतरिक्ष में चीजों के तापमान और उनके आकार व चमक का पता लगाएगा।

## ऑफ बीट

# यूक्रेन कर रहा गत्ते से बने ड्रोन का उपयोग



सशस्त्र बलों की आधुनिक चुस्त कमान और नियंत्रण में यथास्थिति के अनुसार मानचित्रण महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह जमीनी बलों, भारी हथियारों और तोपखाने को निर्देशित कर सकता है। कुछ मामलों में, छोटे ड्रोन का डिज़ाइन विभिन्न प्रकार के हथियारों को ले जाने के लिए पेलोड पर केंद्रित होता है, जैसा कि कुर्स्क में हुए हमले में देखा गया था। गत्ते के ड्रोन पांच किलोग्राम वजन ले जा सकते हैं, इनके पंखों का फैलाव दो मीटर है और इनकी मारक क्षमता 120 किलोमीटर तथा कथित लागत 3,500 अमेरिकी डॉलर है। मोमयुक्त गत्ता एक आदर्श सामग्री है, क्योंकि यह मौसम प्रतिरोध, फ्लैट-पैक परिवहन के साथ ही एक हल्का एयरफ्रेम प्रदान करता है, जो लंबी उड़ान दूरी और 60 किलोमीटर प्रति घंटा की उच्च क्रूज़ गति हासिल करने में सक्षम बनाता है। फिक्स्ड-विंग ड्रोन सामान्य या रोटर आधारित ड्रोन की तुलना में लंबी दूरी तय करते हैं, क्योंकि पंख एक दबाव उत्पन्न करते हैं और एयरफ्रेम में कम खिंचाव होता है, जिससे वे अधिक ऊर्जा कुशल बनते हैं। वे अधिक ऊंचाई पर भी उड़ सकते हैं। ऐसे ड्रोन को साधारण गुलेल से या हाथ से लॉन्च किया जा सकता है।

# 27 नए प्रस्तावित मार्गों के प्रस्ताव का कार्योत्तर अनुमोदन

## ट्रेफिक कन्ट्रोल बोर्ड की बैठक

**चमकता राजस्थान, जयपुर।**

जयपुर विकास आयुक्त डॉ0 जोगाराम की अध्यक्षता में जेडीए के मंथन सभागार में ट्रेफिक कन्ट्रोल बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न एजेण्डों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिये गये।

बैठक में राहुल प्रकाश अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (यातायात एवं प्रशासन), जेएमआरसी, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, आरएसआरटीसी, नगर निगम ग्रेटर जयपुर, नगर निगम हैरिटेज जयपुर, स्मार्ट सिटी, टेऊफिक पुलिस, जेसीटीएसएल, पीडब्ल्यूडी, पीएचईडी से संबंधित अधिकारीगण एवं जेडीए के अभियांत्रिकी निदेशक-प्रथम एवं चतुर्थ, मुस्कान एनजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में 27 नए प्रस्तावित मार्गों के प्रस्ताव का कार्योत्तर अनुमोदन किया गया। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में शहर में 29000 ई रिक्शा चल रहे हैं। ई-रिक्शा जोन का गठन और उसके कोटे का निर्धारण हेतु कुल 33000 ई-रिक्शा के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। वर्तमान में संचालित नगरीय बस एवं टैम्पों मार्गों के दायरे में वृद्धि प्रस्तावित के रूप में एजेंडा को मंजूरी दी गई। बैठक में परिवहन विभाग ने पुराने डीजल ऑटो रिक्शा को जब्त करने के लिए धन की आवश्यकता का हवाला दिया। इस



हेतु आरटीआईडीएफ या राजस्थान रोड सेफ्टी फंड से फंड लेने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में बताया गया कि जेडीए द्वारा सैटेलाइट बस स्टैंड दिल्ली, सीकर, अजमेर और आगरा रोड पर बस स्टैंड के लिए जमीन आवंटित की है। जेडीए द्वारा अजमेर रोड बस स्टैंड का कार्य किया जा रहा है। साथ ही निर्देश दिये कि पुलिस चौकी के लिए सुविधाओं का निर्माण वहां प्राथमिकता पर किया जाए। बैठक में जयपुर जंक्शन पर यातायात दबाव कम करने के लिए डीसीपी ट्रैफिक द्वारा प्रस्तुत किया गया कि स्टेशन से कलेक्टरी सर्कल तक 5 छोटी सड़कें हैं जिन्हें बेहतर बनाया जा सकता है और वैकल्पिक सड़कों के रूप में उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए सर्वेक्षण करने और व्यवहार्यता के अनुसार करने के लिए निर्देशित किया गया था।

बैठक में बीआरटीएस कॉरिडोर में यातायात सुधार के लिए निम्न उपाय करने पर सहमति हुई - 1. वाहनों की श्रेणियां जो कॉरिडोर का उपयोग कर सकती हैं, उन्हें अधिसूचित किया जाएगा, 2. कॉरिडोर में यातायात को रेगुलेटेड किया जाएगा 3. ट्रैफिक सिग्नल को पूरी तरह से चालू कर दिया जाएगा और एक सप्ताह के भीतर जेडीए, ट्रैफिक पुलिस और एनजीओ समिति की समिति द्वारा अनुशंसित कोई भी आवश्यक सुधार किया जाएगा, 4. जहां भी आवश्यक हो सिविल रखरखाव कार्य किए जाएंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर में मौजूदा पार्किंग सुविधाओं और वास्तविक मांग को निर्धारित करने के लिए सर्वे किया जाएगा। पार्किंग स्थानों के अप्रयुक्त पार्किंग क्षेत्रों/ क्षमताओं का आंकलन किया जाएगा और उनके उपयोग के लिए कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। भविष्य में लीज पर कोई मैनुअल पार्किंग की अनुमति नहीं दी जाएगी। स्मार्ट पार्किंग के लिए ही पार्किंग बोलियां आमंत्रित की जायेंगी। वाणिज्यिक भवनों में पार्किंग स्थानों का सर्वे कर भवन निर्माण विनियम के अनुपालना के लिए निर्देशित किया जायेगा। नगर निगम ग्रेटर/हैरिटेज जयपुर को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया कि मैरिज हॉल और लॉन द्वारा सड़क पर पार्किंग नहीं करवाई जाये। भविष्य में मीडियन की ऊंचाई को न्यूनतम 0.7 मीटर रखा जाए। कम ऊंचाई वाले मध्यस्थों को चरणबद्ध तरीके से परिवर्तित किया जाये। अंबेडेकर सर्कल पर यातायात सुधार का सुझाव देने के लिए विशेषज्ञ की सेवाएं लेने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में जेडीए और नगर निगम (ग्रेटर/हेरिटेज) द्वारा सुगम यातायात हेतु सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस को एक-एक टीम प्रदान करने के निर्देश दिये गये।

गोपालपुरा रोड पर यातायात में सुधार हेतु नगर निगम को यातायात के सुचारू प्रवाह के लिए तुरंत प्रभाव रिद्धि सिद्धी चौराहे पर शौचालय हटाने के निर्देश दिये। इस सड़क पर यातायात आवाजाही में बाधा को जेडीए और ट्रैफिक पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से सम्पादित करने के निर्देश दिये। वर्तमान में जयपुर में 234 ट्रैफिक लाइट्स सिग्नलाइज्ड क्रॉसिंग हैं। इनमें से 61 में अष्टकोणीय पोलस हैं। शेष पोल्स को चरणबद्ध तरीके से अष्टकोणीय पोलस में बदल की कार्यवाही की जा रही है। जेडीए द्वारा 61 पोलस का कार्य 3.0 करोड़ रूपये की लागत से करवाया जायेगा।

## सार समाचार

### मुख्यमंत्री का भीलवाड़ा दौरा- मुख्यमंत्री ने सुनी 'अपने-अपने श्याम' कथा



**चमकता राजस्थान, जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भीलवाड़ा के राजेंद्र मार्ग स्कूल ग्राउंड में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित 'अपने-अपने श्याम' कथा सुनी। गहलोत ने मंच पर श्याम कथा आयोजन समिति भीलवाड़ा के अभिनंदन को स्वीकार किया। कथावाचक डॉ. कुमार विश्वास ने श्रीकृष्ण को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ आपदा प्रबंधक बताया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भीलवाड़ा जिला प्रशासन, आमजन और यहां के वॉरियर्स ने जिस तरह से डटकर विषम परिस्थितियों का सामना किया, उसकी पूरे देश में सराहना की गई और अनुसरण भी किया गया। भीलवाड़ा मॉडल देशभर में चर्चा का विषय रहा। डॉ. विश्वास ने कहा कि यहां के वारियर्स के कुशल प्रबन्धन की वजह से ही आज बिना मास्क आयोजन हो पा रहा है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री बी.डी. कल्ला, राजस्व मंत्री रामलाल जाट, खान एवं पेट्रोलियम मंत्री प्रमोद जैन भाया, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्रीमती शकुन्तला रावत उपस्थित रहे।

### महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों के लिए साक्षात्कार शुरू

**लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं से करवाएंगे अवगत, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में किया जाएगा प्रशिक्षित**

**चमकता राजस्थान, बीकानेर।** अधिकारी बीकानेर की अध्यक्षता में गठित कमेटी के द्वारा नगर पालिका सभागार में महात्मा गांधी सेवा प्रेरक चयन हेतु साक्षात्कार प्रारंभ किया गया है। साक्षात्कार पूर्व मूल दस्तावेज व प्रतिलिपियों का मिलान किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश मुंधड़ा ने बताया कि चयनित युवा लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाएंगे महात्मा गांधी पुस्तकालय एवं संविधान केन्द्रों का संचालन भी किया जाएगा। यह भर्ती शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर होगी, इनका चयन कार्यकाल एक वर्ष का रहेगा। प्रतिमाह 4500 रुपए मानदेय देय होगा। चयन पश्चात प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएंगे। चयनित युवाओं का काम लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना होगा। इसके साथ ही महात्मा गांधी पुस्तकालय एवं संविधान केंद्रों का संचालन भी किया जाएगा। भर्ती ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड स्तर पर होगी। महात्मा गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर के प्रमाण पत्र धारक, स्काउट गाइड, एनसीसी प्रमाण पत्र धारक, सुरक्षा सखी मित्र, पूर्व बजट घोषणा में चयनित महात्मा गांधी सेवा प्रेरक एवं महिला एसएचजी को प्राथमिकता दी जाएगी। अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार समिति के जरिए होगा। प्रत्येक जिले में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चयन प्रक्रिया के नोडल अधिकारी होंगे। चयन के लिए उपखंड स्तर पर उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जाएगा। जिला स्तर पर जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति प्रेरकों का अन्तिम अनुमोदन कर चयनितों की सूची शांति एवं अंहिसा निदेशालय को भेजेगी। चयनित प्रेरकों को गांधी दर्शन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रेरकों की ऑनलाइन उपस्थिति, मॉनिटरिंग एवं भुगतान की कार्यवाही सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के सॉफ्टवेयर से की जाएगी।

### बहन का बदला लेने भाई ने आरोपी पर पिकअप चढ़ाई

**2 दिन पहले ही जमानत पर बाहर आया था; बाइक को रौंदा, 2 की मौत**

**चमकता राजस्थान, जोधपुर।** नाबालिग को भगा कर ले गए युवक की हादसे में मौत का मामला अब हत्या में तब्दील हो गया है। पुलिस ने बताया है कि बहन को भगा ले जाने का बदला लेने के लिए परिजनों ने बाइक पर सवार आरोपी उसके भाई और एक नाबालिग को टक्कर मार दी। इसमें नाबालिग घायल हो गया और आरोपी और उसके भाई की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में नाबालिग के भाई मुनीराम को डिटेन किया है और उससे पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दीपक शर्मा ने बताया है कि बीकानेर के गंगाशहर थाना क्षेत्र में सुजासर निवासी शिव सिंह, मनोज पुत्र प्रेम सिंह राजपुरोहित व उनके भांजे अंकुश (7) पुत्र सुमेर सिंह को पिकअप ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे शिव सिंह और मनोज राजपुरोहित की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अंकुश गंभीर रूप से घायल हो गया, उसका अभी पीबीएम अस्पताल में इलाज चल रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दीपक शर्मा ने कहा- मनोज के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। उस पर एक नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का आरोप था। वह 2 दिन पहले ही जेल से बाहर आया था। परिजनों का आरोप है कि उसकी बाइक को टक्कर जान बूझकर मारी गई है। ये हादसा नहीं बल्कि हत्या है। पुलिस ने इसे पहले सड़क हादसे के रूप में लिया था। बाद में परिजनों ने आरोप लगाया कि दोनों की हत्या की गई है। दरअसल, कुछ लोगों ने गांव से पिकअप गाड़ी को काफी स्पीड में जाते हुए देखा गया था। इसीलिए मौके पर भी ग्रामीण तुरंत पहुंच गए थे।

### तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार, 9 सितंबर को

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर एवं जयपुर पीठ सहित प्रदेश के सभी अधिनस्थ न्यायालयों में शनिवार 9 सितंबर 2023, को तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। गत राष्ट्रीय लोक अदालतों की सफलता के परिणामस्वरूप इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति लोागें में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। और पक्षकार अपने राजीनामा के मामलों को बड़ी संख्या में राष्ट्रीय लोक अदालत में रेफर करवा रहे हैं। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रमिल कुमार माथुर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को ऑफलाईन मोड के साथ —साथ ऑनलाईन डिजिटल मोड पर भी आयोजित करने का अभिनव प्रयोग करते हुए डिजिटल प्लेटफॉर्म ऋस्ऋ—23 लॉन्च किया गया है। इस प्लेटफॉर्म के ?जरिये सुदूर बैठे पक्षकार भी अपने राजीनामा योग्य मामलों को लोक अदालत में रैफर कराकर प्रि—काउंसलिंग की प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं, साथ ही उक्त प्लेटफॉर्म के माध्यम से पक्षकारों को बैंच के समक्ष व्यक्तिशः उपस्थित न हो पाने की स्थिति में वी?डियो कॉनफ्रेंसिंग द्वारा राजीनामा करने की सुविधा भी प्रदान की गई है। ऑनलाईन डिजीटल मोड में राष्ट्रीय लोक अदालत की सुविधा मिलने से बैंक और फाइनेंशियल इंस्टीट्यूट के लिए भी अपने ऋण वसूली के प्रि—लिटिगेशन और लंबित मामलों को रेफर करवाया जाना बहुत ही आसान हो गया है।

**आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में हुआ आयोजन**

# कॉलेज स्टूडेंट्स ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



**चमकता राजस्थान, जयपुर।**

आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित, जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह के निर्देशन में बुधवार को विधानसभा क्षेत्र आदर्श नगर के राजकीय सिंधी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 7 जवाहर नगर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के निर्वाचन प्रश्नोत्तरी, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा नव मतदाता को वीएचए की जानकारी के साथ-साथ मतदाता—शपथ दिलवाई गई। प्रधानाचार्या श्रीमती मधु कालानी के द्वारा साइकिल रैली, को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया साइकिल रैली के साथ छात्राएं वाकथान के जरिए मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में निर्वाचन प्रश्नोत्तरी, रंगोली प्रतियोगिता, विजेता एवं युवा नव मतदाताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला स्वीप प्रभारी सैयद असगर अली नकवी, विधालय ईएलसी प्रभारी श्रीमती सीमा बंसल, विधानसभा आदर्श नगर से महेन्द्र सिंह, संजय सिंह उपस्थित रहे ।

## विश्वकर्मा कामगार कल्याण योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

**चमकता राजस्थान, जयपुर।**



उद्योग भवन में बुधवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती वीनू गुप्ता की अध्यक्षता में विश्वकर्मा कामगार कल्याण योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। श्रीमती गुप्ता ने बैठक में मौजूद उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, शिल्प एवं माटी कला बोर्ड, विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु कल्याण बोर्ड, केश कला बोर्ड, राजीविका एवं श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि 12 सितंबर तक सभी बोर्ड एवं विभाग अपने-अपने पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की स्वीकृतियां जारी करें। उन्होंने निर्देश प्रदान किए की 17 सितंबर को आयोजित होने वाले एमएसएमई दिवस के सफल आयोजन हेतु सभी बोर्ड एवं विभाग अपने-अपने नोडल अधिकारी नियुक्त करें। श्रीमती गुप्ता ने एमएसएमई दिवस पर लाभार्थियों को वितरित किए जाने वाले टूल किट वितरण की सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि टूलकिट खरीद के पुनर्भरण के लिए डीबीटी की कार्यवाही आयोजन दिवस के दिन की जाएगी इसलिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण करें। उन्होंने बोर्ड एवं विभागों से अभी तक प्राप्त हुए आवेदन पत्रों की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में आयुक्त उद्योग एवं वाणिज्य विभाग सुधीर कुमार शर्मा, रीको के ईडी अरूण गर्ग, श्रम विभाग के अतिरिक्त आयुक्त धर्मपाल, अतिरिक्त निदेशक उद्योग एवं वाणिज्य विभाग एस एस शाह सहित बोर्ड एवं विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहे।

## आरटीएमए ने ट्रांसफार्मरों की आपूर्ति बढाने की दी सहमति

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** राजस्थान डिस्कॉम के अध्यक्ष भास्कर ए. सावंत की अध्यक्षता में बुधवार 6 सितम्बर को विद्युत भवन में बैठक आयोजित हुई। बैठक में ट्रांसफार्मर आपूर्ति में आ रही समस्याओं को लेकर राजस्थान ट्रांसफार्मर मेन्यूफेक्चर्स एसोशिएसन के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की गई। बैठक में जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक आर.एन.कुमावत, जयपुर डिस्कॉम के निदेशक तकनीकी व वित, अधीक्षण अभियन्ता एमएम उपस्थित रहे व जोधपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक प्रमोद टांक व अजमेर डिस्कॉम के एमएम विंग के अधिकारी वीसी के माध्यम से सम्मिलित हुए। राजस्थान ट्रांसफार्मर मेन्यूफेक्चर्स एसोशिएसन की ओर से तारा चन्द चोधरी अध्यक्ष आरटीएमए, आलोक अग्रवाल सचिव आरटीएमए, विकास गुप्ता विकास ट्रांसफार्मर, कुलभूषण अग्रवाल दीपक ट्रांसफार्मर व सुरेन्द्र बजाज ट्रांसफार्मर बैठक में उपस्थित हुए। डिस्कॉम्स अध्यक्ष भास्कर ए. सावंत ने बताया कि अगस्त में मानसून की कमी की वजह से बिजली की मांग में अप्रत्याशित बढोतरी हुई है और मांग 17000 मेगावाट तक पहुंच गई है। बिजली की बढी हुई मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से मंहगी दरों पर 10 रुपए प्रति यूनिट तक भी बिजली खरीदनी पड़ रही है और दूसरा पावर प्लांट के लिए कोयले की आपूर्ति हेतु कोल इण्डिया लिमिटेड को एडवांस पेमेन्ट करना पड़ता है। इन सब वजह से ट्रांसफार्मर सप्लायर्स के पेमेन्ट में कुछ देरी हुई है। न्होंने बताया कि मंगलवार को प्रदेश में बिजली आपूर्ति की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित बैठक में निर्देश प्रदान किए है कि उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति की जाए और जले हुए ट्रांसफार्मरों को प्राथमिकता से बदलने की कार्यवाही की जाए। इसलिए आरटीएमए रिपेयरिंग वाले व नए ट्रांसफार्मर की आपूर्ति को बढाए और समय पर ट्रांसफार्मर की आपूर्ति करे।

## जी20 समिट : एनएच—48 पर दिल्ली-जयपुर मार्ग सहित दिल्ली में प्रवेश करने वाली रोडवेज बसों के रूट डाइवर्ट



**गुरुग्राम तक ही चलेगी दिल्ली-जयपुर रोडवेज बसें**

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** राजस्थान रोडवेज के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल ने जी20 समिट के दौरान गुरुग्राम पुलिस आयुक्तालय द्वारा परिवहन विभाग राजस्थान को जारी दिशा—निर्देशों के चलते एनएच—48 समेत दिल्ली में प्रवेश करने वाली रोडवेज बसों के रूट डायवर्ट करने के निर्देश दिये हैं। निगम के कार्यकारी निदेशक (यातायात) संजीव कुमार पांडेय ने बताया कि एनएच— 48 एवं पुरानी दिल्ली रोड से होते हुए दिल्ली में प्रवेश करने वाली सभी बसों के प्रवेश पर निषेध के चलते 07 सितंबर रात्रि 12 बजे से 10 सितंबर को रात्रि 12 बजे तक जयपुर- दिल्ली एनएच—48 पर चलने वाली बसें गुरुग्राम तक, भरतपुर से आने वाली बसें वल्लभगढ़ आश्रम चौक तक, हरियाणा से आने वाली बसें पीरागढ़ी चौक तक संचालित रहेगी। इसी प्रकार दिल्ली से गुजरने वाली अंतर्राज्यीय बसों के भी आवश्यकतानुसार रूट परिवर्तित करने के निर्देश दिए गये हैं।

## राजस्थान सरकार ने पर्यावरणीय मुद्दों के समाधान में उल्लेखनीय कार्य किए

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के पेयजल और स्वच्छता विभाग की सचिव श्रीमती विनी महाजन की उपस्थिति में बुधवार को गुजरात राज्य की राजधानी गांधीनगर में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अध्यक्ष शिखर अग्रवाल और जे-पाल साउथ एशिया की कार्यकारी निदेशक शोभिनी मुखर्जी ने SARWA में शामिल होने के आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष शिखर अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान सरकार ने पर्यावरणीय मुद्दों के समाधान में हमेशा उल्लेखनीय कार्य किए हैं। SARWA हवा और पानी की चुनौतियों से निपटने के लिए उच्च प्रभाव और लागत प्रभावी नीतिगत निर्णय लेने के लिए नीति निर्माताओं का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जे-पाल साउथ एशिया और आरएसपीसीबी ऐसे समाधानों का डिजाइन, परीक्षण, कार्यान्वयन और स्केल-अप करने के लिए मिलकर काम करेंगे जो वायु और जल प्रदूषण को कम करने में प्रभावी भूमिका निभाएंगे। SARWA की सलाहकार और छ्–क्क्र की प्रतिनिधि प्रोफेसर नम्रता काला ने कहा कि वायु और जल प्रदूषण आर्थिक विकास और जीवन प्रत्याशा के लिए एक गंभीर बाधा है। हमारी आशा है कि SARWA गरीबी से लड़ने और सभी भारतीयों के लिए पर्यावरण की गुणवत्ता में सुधार लाने में एक नई गति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उल्लेखनीय है कि SARWA के तहत J-PAL दक्षिण एशिया राष्ट्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर सरकारों के साथ काम करेगा, ताकि प्रभावशाली वायु और जल नीतियों को डिजाइन करने के लिए वैज्ञानिक साक्ष्य और डेटा को अपनाने में तेजी लाई जा सके। यह कार्यक्रम बुधवार को गांधीनगर में जे-पाल साउथ एशिया द्वारा, कम्युनिटी जमील के साथ साझेदारी में आयोजित एक कार्यक्रम में लॉन्च किया गया।

# 'राजस्थान मिशन 2030' विजन डॉक्यूमेंट : शिक्षा विभाग कर रहा है व्यापक कार्य योजना के अनुसार कार्य

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** राजस्थान मिशन 2030 के तहत दस्तावेज, विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिए समीक्षा बैठक का आयोजन शासन सचिव, स्कूल शिक्षा नवीन जैन की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के लिए गठित पीएमयू के सभी नो समूहों के प्रभारी उपस्थित रहे। जैन ने डॉक्यूमेंट निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार तय प्रक्रियानुसार सम्पादित करने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किये। उन्होंने बताया कि राजस्थान मिशन 2030 के तहत 21 अगस्त व 31 अगस्त को विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों हेतु सेंसेटाइजेशन सेशन आयोजित किये जा चुके हैं।



### विभाग द्वारा किये जा रहे हैं लगभग 20 लाख फेस टू फेस सर्वे

जैन ने बताया कि राजस्थान मिशन 2030 के लिए सम्मानित नागरिकगणों, विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों से ऑनलाइन सुझाव, विचार आमंत्रित किये जा रहे है। यह पोर्टल 01 सितम्बर, 2023 से ऑनलाइन है। इसी प्रकार जन कल्याण ऐप पर विद्यालय सहायकों द्वारा फेस टू फेस सर्वे किये जा रहे हैं। इन विद्यालय सहायकों द्वारा लगभग 20 लाख फेस टू फेस सर्वे 15 सितम्बर, 2023 तक किये जाने हैं। जैन ने निर्धारित समय पर सर्वे पूरे किये जाने के लिए इसकी नियमित प्रगति की मॉनिटरिंग हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। फेस टू फेस सर्वे के लिए फिजिकल फॉर्म समस्त राजकीय विद्यालयों को प्रेषित कर दिये गये हैं।

### संभाग स्तर पर बैठक कर सुझाव आमंत्रित किये जा रहे हैं

जैन ने बताया कि राजस्थान मिशन 2030 का विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने हेतु निर्धारित प्रक्रियाओं में राज्य के 9 संभागों पर संयुक्त निदेशक, शिक्षा द्वारा 06 सितम्बर, 2023 को संभाग स्तर पर बैठक आयोजित कर सुझाव आमंत्रित किये गये हैं। प्रत्येक संयुक्त निदेशक को 09 सितम्बर, 2023 तक प्राप्त सुझावों को संकलित कर राज्य पीएमयू को प्रस्तुत किये जायेंगे। इस प्रक्रिया द्वारा जमीनी स्तर पर प्राप्त सुझावों को विजन डॉक्यूमेंट में शामिल किया जा सकेगा।

### 10 लाख विद्यार्थी निबंध लिखकर बनायेंगे अपने सपनों का राजस्थान

जैन ने बताया कि राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों से राजस्थान मिशन 2030 पर उनकी कल्पनाओं, सुझावों को प्राप्त करने हेतु निबंध प्रतियोगिता का आयोजन 08 सितम्बर, 2023 को किया जायेगा। प्रत्येक विद्यालय से जूनियर व सीनियर वर्ग में चयनित 4 निबंध पीइइओ स्तर को, पीइइओ द्वारा सीबीइओ कार्यालय, सीबीइओ द्वारा उत्तरोत्तर जिला कार्यालय को चयनित 4 निबंध प्रेषित किये जायेंगे। इस प्रकार प्रत्येक जिले द्वारा चयनित 4 निबंध राज्य स्तर पर प्रेषित किये जायेंगे। राज्य स्तर पर 54 उत्तम निबंध चयनित करने हेतु विषय विशेषज्ञों की टीम बनाने हेतु जैन द्वारा निर्देशित किया गया साथ ही उन्होंने बताया कि 14 सितम्बर, 2023 तक राज्य स्तर पर 54 निबंध चयनित किये जायेंगे। इन चयनित सुझावों को विजन डॉक्यूमेंट में शामिल किया जायेगा। जैन ने बताया कि राजस्थान मिशन 2030 के विजन डॉक्यूमेंट हेतु ऑनलाइन सुझाव 15 सितम्बर, 2023 तक प्राप्त किये जायेंगे। विभाग द्वारा प्राप्त ऑनलाइन सुझावों का व्यापक विश्लेषण करने हेतु विषय विशेषज्ञों एवं तकनीकी टीम का गठन किया जायेगा। यह टीम प्राप्त ऑनलाइन सुझावों को पीएमयू के संबंधित समूह को 18 सितम्बर, 2023 तक प्रेषित करेंगे। संबंधित ग्रुप द्वारा प्राप्त ऑनलाइन सुझावों, फेस टू फेस सर्वे से प्राप्त सुझाव तथा विद्यार्थियों द्वारा लिखित निबंध से प्राप्त सुझावों को सम्मिलित करते हुए 21 सितम्बर, 2023 को राजस्थान मिशन 2030 का फाइनल विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जायेगा।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी : जयपुर के इस मंदिर में होती है श्रीकृष्ण के चरणों की पूजा

जयपुर। एजेंसी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी देश-दुनिया में उत्साहपूर्वक मनाई जा रही है। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित चरण मंदिर में भी विशेष आयोजन हो रहे हैं। करीब 400 साल पुराने इस मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति की नहीं, बल्कि उनके चरणों की पूजा होती है। चरण मंदिर के लिए प्रसिद्ध है कि द्वापरयुग में भगवान श्रीकृष्णा स्वयं यहां आए थे और उनके दाहिने चरण का चिन्ह पत्थर पर अंकित हो गया। मंदिर में गायों के पांच खुरों के चिन्ह के भी दर्शन होते हैं। चरण मंदिर जयपुर शहर में अरावली की पहाड़ियों में स्थित है। यह प्रसिद्ध जयगढ़ किले और नाहरगढ़ किले के करीब बना हुआ है। कहा जाता है कि जयपुर के राजा मान सिंह प्रथम को एक दिन भगवान श्रीकृष्ण ने स्वप्न में आकर अंबिका वन, जिसे इन दिनों आमेर की पहाड़ियों के नाम से जाना जाता है, में अपने चरण चिन्ह का स्थान बताया।

### चरण पूजन की कथा और महत्व

भगवान ने राजा को मंदिर बनाने का आदेश दिया। सुबह राजा मान सिंह जब उठे तो अपने सेवकों के साथ अंबिका वन पहुंचे। स्वप्न में बताए स्थान को खोजा। कहा जाता है कि राजपुरोहितों ने राजा को बताया कि यह चरण चिन्ह द्वापरयुग के हैं। श्रीमद्भागवत कथा के दसवें स्कंध के चौथे अध्याय में वर्णित विद्याधर (सुदर्शन) के उद्धार से चरण चिन्ह का जुड़ाव बताया गया है। ऐसी मान्यता है कि द्वापरयुग में पांडवों ने यहीं एक साल का अज्ञातवास बिताया था। इसी कालखंड में



भगवान श्रीकृष्ण अंबिका वन आए थे। मंदिर में लगे बोर्ड पर लिखा है कि एक बार नंदबाबा, श्रीकृष्णा और ग्वालों ने अंबिका वन की यात्रा की थी। उन दिनों अंबिका वन में बड़ा अजगर रहता था। उसने नंदबाबा का पैर पकड़ लिया था। नंदबाबा ने अपनी सहायता के लिए श्रीकृष्ण को पुकारा। भगवान श्रीकृष्ण ने अजगर को अपने दाहिने पैर से स्पर्श किया तो अजगर देह छोड़कर सुंदर रूपवान पुरुष बन गया।

उस पुरुष से दिव्य प्रकाश निकल रहा था। वह हाथ जोड़कर भगवान श्रीकृष्ण के सामने खड़ा हो गया और उसने बताया कि मैं इंद्र पुत्र विद्याधर हूं। मेरा नाम सुदर्शन है। एक दिन अपने विमान से आकाश विहार कर रहा था। तभी मैंने अंगिरा गोत्र के कुरूप ऋषियों को देखा। अपने सौंदर्य के घमंड में उनकी हंसी उड़ाई। मेरे इस कृत्य से क्रोधित होकर ऋषियों ने मुझे अजगर योनि में जाने का श्राप दे दिया। राजा मान सिंह प्रथम ने भगवान श्रीकृष्ण के दाहिने पैर के चरण चिन्ह मिलने के बाद यहां भव्य मंदिर का निर्माण कराया। वो प्रतिदिन मंदिर में दर्शन के लिए आया करते थे। मंदिर में सेवा भोग भी राजा की ओर से लगाया जाता था। आज भी मंदिर में भक्तों का तांता लगता है। विशेष रूप से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बड़ी संख्या में भक्त यहां आते हैं।

### राजा मान सिंह और श्री कृष्ण

राजा मान सिंह कच्छवाहा राजपूत राजा थे। वो भगवान श्रीकृष्ण के बड़े अनुयायी थे। उन्होंने वृंदावन में सात मंजिला कृष्णजी (गोविंददेव जी) मंदिर भी बनवाया था।

हिंदू राजा मान सिंह ने गंगा पर बनारस के घाट, पटना के घाट, हरिद्वार के घाटों का निर्माण कराया। उड़ीसा में जगन्नाथ पुरी का मंदिर तोड़कर पठान सुल्तान मस्जिद बनाना चाहते थे। इसकी सूचना जब राजा मान सिंह को मिली तो उन्होंने अपनी सेना का दल उड़ीसा भेजा था, लेकिन विशाल सेवा के कारण सभी वीरगति को प्राप्त हुए। उसके बाद राजा मान सिंह स्वयं उड़ीसा गए और दो पठान भाइयों का सिर काट दिया। उनके सहयोगी हिंदू राजाओं को कुचल कर रख दिया और भगवान जगन्नाथ के मंदिर की रक्षा की। जितने मंदिर मध्यकाल से पूर्व मुस्लिम आक्रांताओं ने तोड़े थे, सभी का पुनर्निर्माण राजा मान सिंह ने कराया था।

## खबर संक्षेप

### इलाज के बाद बच्चे की आंखें हुई नीलीं

**नई दिल्ली।** थाईलैंड से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां कोविड-19 के इलाज के बाद



6 महीने के बच्चे की गहरी भूरी आंखें अचानक नीली हो गईं। डॉक्टर्स से इस बारे में शिकायत की। डॉक्टर्स भी हैरान रह गए। हालांकि बाद में उन्होंने इलाज में बदलाव किया तो आंखों का रंग ठीक हो गया। दरअसल, कोविड-19 के इलाज के लिए बच्चे को मेडिसिन दी गईं थीं।

### 77 फीसदी नहीं चाहते कि दोबारा राष्ट्रपति बनें बाइडेन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव-2024 में अब ज्यादा वक्त नहीं रह गया है। मगर मौजूदा



राष्ट्रपति जो बाइडेन की दोबारा उम्मीदवारी को लेकर सिर्फ अमेरिकी लोगों में ही नहीं, बल्कि उनकी पार्टी डेमोक्रेट्स में भी भारी असंतोष है। बाइडेन की बढ़ती उम्र की वजह से 77 फीसदी अमेरिकी और 69 प्रतिशत डेमोक्रेट्स उनको दोबारा नहीं चाहते।

### ग्रीन कार्ड पाने 11 लाख भारतीय कर रहे इंतजार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में भारतीयों के लिए ग्रीन कार्ड की कतार और लंबी होती जा रही है। इसी कारण




भारतीयों को मिलने वाले ग्रीन कार्ड के इंतजार का समय भी दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। 11 लाख भारतीय रोजगार ग्रीन कार्ड प्राप्त करने के लिए कतार में लगे हुए हैं। 4 लाख लोगों की अमेरिका में स्थायी निवास का कानूनी दस्तावेज मिलने से पहले मौत हो सकती है।

### 6.2 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप से थर्राया चिली

**चिली।** जोरदार भूकंप के झटकों से चिली कांप उठा है। भूकंप उस वक्त आया जब लोग अपने दैनिक



कार्यों में व्यस्त थे। अचानक धरती हिलने-डुलने और कांपने लगी। इसके बाद लोग अपने घरों से बाहर सुरक्षित ठिकानों की ओर भागने लगे। यह भूकंप उत्तरी चिली में बुधवार को आया। इसकी तीव्रता 6.2 आंकी गई है। भूकंप के झटके से लोगों में दहशत व्याप्त हो गई है।

### कंगाल हुआ ब्रिटेन का दूसरा सबसे बड़ा शहर

**लंदन।** दुनिया पर राज करने वाला ब्रिटेन का दूसरा सबसे बड़ा शहर बर्मिंघम ने खुद को



दिवालिया घोषित कर दिया है। शहर के ऊपर करोड़ों डॉलर का बकाया भी है। इस शहर में काम करने वाले कई कर्मचारियों महीनों से सैलरी तक नहीं मिली है. शहर में एक वक्त की रोटी खाने के लाले पड़ गए हैं। जिसके चलते अब शहर ने अपने सभी गैर-जरूरी खर्च बंद कर दिए हैं। ब्रिटेन के शहर पर 76 करोड़ पाउंड तक की सैलरी बकाया है। बर्मिंघम सिटी काउंसिल ने दिवालिया की जानकारी दी है।

## आसियान शिखर सम्मेलन को पीएम मोदी ने किया संबोधित, कहा

# 21वीं सदी एशिया और हम सब की सदी, अब नया संकल्प लेने का वक्त

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

प्रधानमंत्री मोदी 20वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जकार्ता पहुंचे। एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया गया और होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के सदस्यों ने उनके स्वागत में सांस्कृतिक नृत्य किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए जकार्ता पहुंचे। पीएम मोदी ने शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम ने कहा कि अब वक्त आ गया है जब हम नया संकल्प लें। उन्होंने कहा कि हिंद प्रशांत में भारत का प्रमुख स्थान है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी पार्टनरशिप अपने चौथे दशक में प्रवेश कर रही है। ऐसे में भारत– आसियान समिट को को-चेयर करना उनके लिए बहुत प्रसन्नता का विषय है। पीएम मोदी ने इस समिट के शानदार आयोजन के लिए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति विडोडो का अभिनंदन किया और उनका आभार व्यक्त किया।

**खास बातें**

- आयोजन के लिए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति विडोडो का अभिनंदन
- आसियान भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का केंद्रीय स्तंभ
- भारतीय समुदाय के सदस्यों ने उनके स्वागत में किया सांस्कृतिक नृत्य

### भारत-आसियान समिट की सह-अध्यक्षता करना प्रसन्नता का विषय



### इंडो-पैसिफिक पहल में आसियान क्षेत्र का प्रमुख स्थान

पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमारी हिस्ट्री और भूगोल भारत और आसियान को जोड़ते हैं। साथ ही साझा वैल्यूज, क्षेत्रीय एकता, शांति, समृद्धि, और बहुध्रुवीय विश्व में साझा विश्वास भी हमें आपस में जोड़ता है। आसियान भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी का केंद्रीय स्तंभ है। भारत आसियान सेंट्रेलियटी और इंडो-पैसिफिक पर आसियान के ऑउटलुक का पूर्ण समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि भारत के इंडो-पैसिफिक पहल में भी आसियान क्षेत्र का प्रमुख स्थान है। पिछले वर्ष हमने भारत-आसियान मित्रता वर्ष मनाया और आपसी संबंधों को एक 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' का रूप दिया।

### आपसी सहयोग में आई प्रगति

उन्होने कहा कि आज वैश्विक अनिश्चितताओं के माहौल में भी हर क्षेत्र में, हमारे आपसी सहयोग में लगातार प्रगति हो रही है। यह हमारे संबंधो की ताकत और रेसिलिएंस का प्रमाण है। इस वर्ष की आसियान समिट की थीम है- 'आसीयान मैटर्जः एपीसेंट्रम ओफ ग्रोथ'। उन्होंने इसका अर्थ बताते हुए कहा कि आसियान मैटर्ज क्योंकि यहां सभी की आवाज सुनी जाती है, और आसियान विकास का केंद्र है (आसियान इस एपीसेंटर ऑफ ग्रोथ) क्योंकि वैश्विक विकास में आसियान क्षेत्र की अहम भूमिका है। वसुधैव कुटुंबकम– 'वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर' की यही भावना भारत की जी20 अध्यक्षता की भी थीम है।

### मानव कल्याण के लिए सबका प्रयास हो

पीएम ने कहा कि 21वीं सदी एशिया की सदी है। ऐसे में आवश्यक है कि कोविड के बाद की दुनिया का निर्माण नियमों पर आधारित हो और मानव कल्याण के लिए सबका प्रयास हो। मुक्त एवं खुले हिंद प्रशांत की प्रगति में और वैश्विक दक्षिण की आवाज को बुलंद करने में हम सबके साझा हित हैं। उन्हें विश्वास है कि हमारी बातचीत से भारत और आसियान क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने के लिए नए संकल्प लिए जाएंगे। भारत कंधे से कन्धा मिलाकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### हमारी सहभागिता और मजबूत होगी

प्रधानमंत्री ने कहा कि 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य और डिजिटल परिवर्तन सहित क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श करने का उपयोगी अवसर प्रदान करेगा। वे वैश्विक चुनौतियों से सामूहिक रूप से निपटने के लिए अन्य नेताओं के साथ व्यावहारिक सहयोग के उपायों के बारे में वैचारिक आदान-प्रदान करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल बाली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया की यात्रा की स्मृतियां आज उनके जहन में ताजा है और उन्हें विश्वास है कि इस यात्रा से आसियान क्षेत्र के साथ हमारी सहभागिता और मजबूत होगी।

## सेवानिवृत्त जनरलों को सौंपी कमान

# दुनिया में भारत-अमेरिका की साझेदारी बनेगी मिसाल

◆ दोनों देश स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप को देना चाहते हैं नई बुलंदियां



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी अब एक नए मुकाम की ओर अग्रसर है। दोनों देश अपनी इस स्ट्रैटिज पार्टनरशिप को नई बुलंदियां देने चाहते हैं, जो पूरी दुनिया के लिए मिसाल बन सके। इसके लिए भारत एवं अमेरिका के दो शीर्ष सेवानिवृत्त जनरल - जनरल (सेवानिवृत्त) मनोज मुकुंद नरवणे और जनरल (सेवानिवृत्त) रिचर्ड क्लार्क अमेरिका भारत रणनीतिक एवं साझेदारी मंच (यूएसआइएसपीएफ) के सलाहकार बोर्ड में शामिल हुए हैं। जनरल (सेवानिवृत्त) नरवणे ने भारतीय सेना में 28वें सेनाध्यक्ष के रूप में कार्य किया है और जनरल (सेवानिवृत्त) क्लार्क यूएस स्पेशल ऑपरेशंस कमांड के पूर्व कमांडर हैं।

### बोर्ड में आमंत्रित किया जाना सम्मान की बात

यूएसआईएसपीएफ ने यह भी घोषणा की कि एशिया-प्रशांत और जापान क्षेत्र के लिए डेल टेक्नोलॉजीज के अध्यक्ष पीटर मार्स निदेशक मंडल में शामिल हो गए हैं। नरवणे ने कहा यूएसआईएसपीएफ के बोर्ड में आमंत्रित किया जाना सम्मान और सौभाग्य की बात है, एक ऐसा मंच जिसने अमेरिका-भारत संबंधों को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा, इस साझेदारी को और बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं और मैं इस प्रयास का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। क्लार्क ने कहा कि सेना में रहने के दौरान और नेशनल वॉर कॉलेज में रहने के दौरान उन्हें भारत की यात्रा करने और अध्ययन करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा अब सेवानिवृत्त होने के बाद मुझे उम्मीद है कि मैं इस सदी में अमेरिका के सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारों में से एक के साथ सुरक्षा संबंधों को बढ़ावा देना जारी रखूंगा।

### ...अमेरिका ने दी नरवणे के साथ कमान

यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश अघी ने कहा कि पीटर मार्स, जनरल नरवणे और जनरल क्लार्क की नियुक्ति खासकर रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण और उभरती हुई प्रौद्योगिकी के महत्व और तालमेल का प्रतीक है। पीएम मोदी की अमेरिका की सफल राजकीय यात्रा और मोदी एवं राष्ट्रपति जो बाइडन के संयुक्त बयान में आईसीईटी और अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग के महत्व पर जोर दिया गया था। उन्होंने कहा, निजी क्षेत्र के नेता और पूर्व प्रतिष्ठित सैन्य अधिकारी साझेदारी के वाणिज्यिक और भू-रणनीतिक पहलुओं को समझने के लिए यूएसआईएसपीएफ के समग्र दृष्टिकोण का उदाहरण पेश करते हैं। क्लॉर्क व्हाइट हाउस के सबसे भरोसेमंद और जांबाज करीबी अफसर रहे हैं।

## पाक के कई गांवों पर तालिबान का कब्जा

# पाक और अफगान की सीमा पर भारी गोलीबारी



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

जिस तालीबान को पाकिस्तान ने पाल-पोसकर बड़ा किया। अब वही तालिबान उसके लिए गले की हड्डी बनता जा रहा है। तहरीक-ए-तालीबान पाकिस्तान यानी की टीटीपी ने पाकिस्तान के खिलाफ जंग छेड़ दी है। अफगानिस्तान से सटे तोरखम सीमा पर पाकिस्तानी सेना और टीटीपी के बीच भीषण गोलीबारी हो रही है। गोलीबारी की आवाजें सुन वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। अब तक इस गोलीबारी में 4 पाक के सैनिकों की मौत हो चुकी है। वहीं कई पाक सैनिकों को बंधक बनाने की बात भी सामने आई है। सतर्कता के मद्देनजर पाक ने तोरखम सीमा को सील कर दिया है। पाक के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के चित्राल जिले में टीटीपी ने बड़े पैमाने पर पाकिस्तान की सेना के खिलाफ हमला शुरू कर दिया है। टीटीपी के एक कमांडर ने बताया कि पाक के कई गांवों पर कब्जा कर लिया है।

### लड़ाकों के बीच भीषण लड़ाई जारी

रिपोर्ट के अनुसार, डूरंड लाइन पर पाकिस्तान और टीटीपी के लड़ाकों के बीच भीषण लड़ाई जारी है। इसे देखते हुए ही तोरखम सीमा को सील कर दी गई है। हालांकि गांवों पर कब्जे की बात से पाकिस्तान इंकार कर रहा है। पाक सेना के अधिकारियों का कहना है कि टीटीपी के लड़ाकों ने पाकिस्तान के किसी भी क्षेत्र पर कब्जा नहीं किया है। इधर टीटीपी के प्रवक्ता मुहम्मद खुरासानी बयान जारी कर सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों से शांति बनाकर रहने की अपील की है। खुरासानी ने कहा है कि उनकी लड़ाई पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों और सरकार के खिलाफ है। वह किसी तरह का आम लोगों को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे।

### पाक कर रहा किसी भी कब्जे से इंकार

पाकिस्तान ने अपनी जमीन पर टीटीपी के किसी भी तरह के कब्जे से इंकार कर रहा है। हालांकि उसने इस मुठभेड़ में 4 सैनिकों की मौत की बात कबूली है। टीटीपी और पाक सेना की झड़प पर पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकर का बयान भी आया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अफगानिस्तान में जो हथियार छोड़े थे, वह अब तहरीक-ए-तालीबान के उग्रवादियों के हाथ लग गए हैं। हाल ही में टीटीपी ने भी वीडियो जारी कर दावा किया था कि उसके पास लेजर और थर्मल इमेजिंग सिस्टम वाली बंदूकें सहित कई हाइटेक हथियार हैं। इस मुठभेड़ के कारण सीमा सील होने से दोनों ओर जरूरत के सामानों से लदे ट्रक खड़े हैं और बॉडर खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

## सोपोर में बोले जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल

# आतंक समर्थकों को न दें पनाह बाकी सब सुरक्षा बलों पर छोड़ दें

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोपोर में लोगों से आग्रह किया कि वे आतंकवादियों और उनके समर्थकों को आश्रय न दें और बाकी सब पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों पर छोड़ दें। प्रशासन आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र को जड़ से खत्म करने और मुनाफाखोरों से सख्ती से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्होंने पिछले कई दशकों के दौरान अपना खजाना भरा और आम आदमी को पीड़ित होने के लिए छोड़ दिया।

### एशिया की सबसे बड़ी फल मंडी सोपोर

उन्होंने कहा कि 1970 तक प्रसिद्ध व्यापारिक केंद्र रहे सोपोर को कंधार का खिताब किसने दिया था। यहां



पत्थरबाजी को बढ़ावा किसने दिया? उन्होंने कहा कि एशिया की सबसे बड़ी फल मंडी होने के बावजूद सोपोर को दशकों तक नुकसान उठाना पड़ा। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सोपोर देश का एक मॉडल शहर बनकर उभरे।

अमेरिका के साथ कारोबारी रिश्तों में आएगी और मजबूती

# जी 20 से पहले भारत ने हटाया 12 अमेरिकी उत्पादों से टैक्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने चना, दाल और सेब जैसे कुछ अमेरिकी उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क हटा दिया है। भारत ने ये कदम अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की देश की 3 दिवसीय यात्रा से पहले उठाया है। ये अतिरिक्त शुल्क 2019 में कुछ स्टील और एल्यूमीनियम उत्पादों पर टैरिफ बढ़ाने के अमेरिका के फैसले के जवाब में लगाए गए थे। भारत ने 2019 में 28 अमेरिकी उत्पादों पर ये शुल्क लगाया था। अमेरिकी उत्पादों पर इन शुल्कों को हटाने का निर्णय 5 सितंबर को वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के माध्यम से लिया गया। इसमें कहा गया है कि चना, मसूर, सेब, ताजा या सूखे बादाम जैसे उत्पादों पर शुल्क हटा लिया गया है।



### बाइडेन की यात्रा से पहले उठाया कदम

यह कदम 9-10 सितंबर को जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए बाइडेन की भारत यात्रा से पहले उठाया गया। इससे पहले वह 8 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। जून में मोदी की अमेरिका की यात्रा के दौरान, दोनों देशों ने छह डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) विवादों को समाप्त करने और कुछ अमेरिकी उत्पादों पर प्रतिशोधात्मक शुल्क हटाने का फैसला किया था।

## उस राज से पर्दा उठा सकेंगे कि कैसे ब्रह्मांड की उत्पति हुई

# ब्रह्मांड की उत्पति जानने जापान ने प्रक्षेपित किया रॉकेट

## रॉकेट में दूरबीन के साथ चांद की सतह पर उतारने छोटा लैंडर भी लगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जापान ने एक एक्स-रे दूरबीन ले जाने वाला रॉकेट प्रक्षेपित किया। ये ब्रह्मांड की उत्पति का पता लगाएगा। जापान के रॉकेट में दूरबीन के साथ-साथ चांद की सतह पर उतारने के लिए एक छोटा लैंडर भी है। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी का दावा है कि हमें उम्मीद है कि एक्स-रे दूरबीन ले जाने वाले रॉकेट के जरिये हम उस राज पर से भी पर्दा उठा सकेंगे कि कैसे ब्रह्मांड की उत्पति हुई।

**खास बातें**

- एक्सआरआईएसएम नाम के एक उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया
- ये गति मापेगा और आकाशगंगाओं के बीच की संरचना का पता लगाएगा
- जाक्सा एजेंसी ने किया दावा

### जानने में मदद मिलेगी कि आकाशीय पिंड कैसे बनते



रॉकेट के प्रक्षेपण और प्रशांत क्षेत्र पर उड़ान भरने के बाद जेएएक्सए ने कहा- हमने रॉकेट प्रक्षेपित कर दिया। प्रक्षेपण के 13 मिनट बाद रॉकेट ने एक्स-रे इमेजिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपी मिशन या एक्सआरआईएसएम नाम के एक उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया। ये गति मापेगा और आकाशगंगाओं के बीच की संरचना का पता लगाएगा। जेएएक्सए ने कहा कि इससे प्राप्त होने वाली जानकारी से यह जानने में मदद मिलेगी कि आकाशीय पिंड कैसे बनते हैं। जेएएक्सए ने कहा कि हमारी कोशिश ये पता लगाने की है कि ब्रह्मांड की उत्पति कैसे हुई?

### जापान ने स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून भी भेजा

नासा के सहयोग से जेएएक्सए विभिन्न तरंग दैर्ध्य पर प्रकाश की शक्ति, अंतरिक्ष में चीजों के तापमान और उनके आकार व चमक का पता लगाएगा। स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग मून भी भेजा गया है। इसे चंद्रमा पर उतरने वाला एक हल्का लैंडर भी कह सकते हैं। स्मार्ट लैंडर को संभवतः अगले साल की शुरुआत में चांद की सतह पर उतारने का प्रयास किया जाएगा। दक्षिण-पश्चिमी जापान के तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से एचआईआई-ए रॉकेट के प्रक्षेपण का ने सीधा प्रसारण किया।

# 29 वे राज्य स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट सब जूनियर टूर्नामेंट का हुआ समापन !


## चेयरमैन राजीव अरोड़ा ने विजेता को दिए मेडल और ट्रॉफी



चमकता राजस्थान

29वे सब जूनियर टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट के दोनो वर्ग के फाइनल आज रेलवे ग्राउंड में खेले गए। बालिका वर्ग में करौली की बालिकाओं ने मेजबान जयपुर के खिलाफ पहले खेलते हुए 6 ओवर में 33 रन बनाए, जवाब में जयपुर ने 5 वे ओवर में 2 विकेट पर विजयी लक्ष्य प्राप्त किया। बालक वर्ग में सेमीफाइनल जयपुर ने चुरू को हराकर फाइनल में बीकानेर से फाइनल खेला। फाइनल में जयपुर ने पहले खेलते हुए 59 रन बनाए लेकिन बीकानेर ने शानदार खेल दिखाते हुए 1 गेंद शेष रहते हुए ट्रॉफी पर कब्जा किया। पुरस्कार वितरण समारोह में राजस्थान टेनिस बाल चेयरमैन राजीव अरोड़ा, अध्यक्ष मुंशी खान, करौली एसोसिएशन अध्यक्ष ने विजेता खिलाड़ियों को पदक एवम ट्रॉफी प्रदान की। राजीव अरोड़ा ने सफल आयोजन के लिए मंजूर बैग को शुभकामनाएं देते हुए राजस्थान में टेनिस बाल क्रिकेट के अच्छे भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की।

# आगरा- मथुरा -आगरा खण्ड में विशेष टिकट चैकिंग अभियान




चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट आगरा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा और सहायक वाणिज्य प्रबंधक आगरा वीरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में जन्माष्टमी त्योहार को मद्देनजर रखते हुए। आगरा- मथुरा -आगरा खण्ड में विभिन्न गाड़ियों में दिनांक 07.09.23 को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। आगरा- मथुरा -आगरा खण्ड में बिना टिकट, अनियमित यात्रा, धूम्रपान करने वाले, गंदगी फैलाने वाले कुल 316 यात्रियों से जुर्माना स्वरुप ₹ 147500/-रु रेल राजस्व अर्जित किया गया । जिसमे बिना टिकट 110 यात्रियों से रु. 63500/- अनियमित 181 यात्रियों से रु. 80100/- तथा गंदगी फैलाते हुए 25 केस रु. 3900/- जुर्माना किया गया। इसके अतिरिक्त गाड़ियों के पेंट्री कार भी चैक किये गए जिसमे गाड़ी सं0 12643 में 132 ग्रीन वैली (Green Valley) पानी की बोतल सीज की गई जोकि रेल नीर के बदले बेची जा रही थी ।

जनसंपर्क अधिकारी कु.प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि टिकट चेकिंग अभियान को और गति देते हुए STF एवं चैकिंग स्क्वाड द्वारा ट्रेनों में दिन - रात औचक टिकट जांच की जा रही है । मंडल के विभिन्न रेल खंडों और मुख्य रेलवे स्टेशनो पर भी सघन टिकट जांच की जा रही है । उत्तर मध्य रेल अपने यात्रियों को उचित गुणवत्ता का भोजन तथा सुखद यात्रा कराने के लिए सदैव तत्पर है । अतः यात्रियों से अनुरोध है कि वह उचित यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करे ,स्टेशन तथा रेल परिसर में गंदगी न फैलाए ।

# श्री नागा बाबा पंचमगिर आदर्श विद्या मंदिर किरी बाड़ी में श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया



चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट जिला धौलपुर के बाड़ी उपखंड में श्री नागा बाबा पंचमगिर आदर्श विधा मंदिर किरी बाड़ी विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकुमार शर्मा के नेतृत्व में श्री कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़े हर्ष और उल्लास के साथ जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया।जिसमें लगभग तीन दर्जन बालक एवं बालिकाओं द्वारा कृष्ण और राधा की झांकी सजाई एवं मनमोहक नृत्य किया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के लिए मोहल्ले वासी एवं बच्चों के अभिभावक का 7:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक का मेला लगा रहा।आगे कार्यक्रम में स्कूल का समस्त स्टाफ देवेश कुमार शर्मा रामनिवास कुशवाह शिवनिवास शर्मा जितेन जी परमार संतोष कुमार परमार मुकेश कुमार गोड उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य भगवान सहाय का भी अच्छा सहयोग रहा ।महिलाओं में कमलेश नागर नीतू सिंह अनुराधा शर्मा नीलम कुमारी शशि वर्मा शशि मंगल पूनम कुमारी पूजा शर्मा अंजू सेविका एवं रामू चौधरी उपस्थित रहे।।

# जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया अति संवेदनशील मतदान केंद्रों का दौरा




चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण ब्यूरो चीफ की रिपोर्ट जिला धौलपुर 7 सितंबर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार अग्रवाल और जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ने गुरुवार को मतदान केंद्रों का दौरा कर आवशयक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों पर रैम्प, बिजली, पेयजल, फर्नीचर , शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान सबसे पहले राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लुहारी स्थित दो मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदान केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई। उन्होंने बीएलओ को मतदान कक्ष के बाहर सूचना पट्ट को अद्यतन कराने के निर्देश दिये। इसके पश्चात वल्नरेबल पॉकेट कोली मोहल्ला, लोधी पाड़ा, ब्राह्मण मोहल्ला के लोगों से बात की आमजन द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या नही होना बताया गया। जिला कलक्टर ने ग्रामीणों से भय मुक्त और निष्पक्ष मतदान करने की अपील की। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बसई कारे स्थित दो मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। यहां भी सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिली। गाँव में संवेदनशीलता की दृष्टि से जाटव बस्ती में आमजनों से बात की। आमजनों ने निर्वाचन में किसी भी प्रकार की समस्या नही होना बताया। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण की कड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय जैतपुर का भी निरीक्षण किया। मतदान केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ मौजूद थी। मतदान केंद्र से मुख्य मार्ग का रास्ता खराब था जिस पर जिला कलक्टर ने विकास अधिकारी को तत्काल सुधरवाने के निर्देश दिए।

यहां भी संवेदनशीलता की दृष्टि से कोली बस्ती, निषाद बस्ती के लोगो से बात की। ग्रामीणों ने निर्वाचन में किसी भी प्रकार की समस्या नही होना बताया।

# प्रताप सिंह महरावर ने कुम्हेर में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा का किया स्वागत



चमकता राजस्थान

चमकता राजस्थान ब्यूरो चीफ दीपचंद शर्मा कुम्हेर, भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के आह्वान पर परिवर्तन संकल्प यात्रा के कुम्हेर में पहुंचने पर भाजपा किसान मोर्चा ग्राम पंचायत अभियान केu जिला संयोजक एवं नगर पालिका कुम्हेर के नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह महरावर ने संकल्प यात्रा के मुख्य अतिथियों के चांदी का मुकुट बांधकर वह फूलों की बरसात कर विधानसभा क्षेत्र के करीब हजारों कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में भव्य स्वागत सत्कार किया, सभा को संबोधित करते हुए प्रताप सिंह मेहरावर ने कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के मुखिया राहुल गांधी ने किसानों के 10 दिन में कर्ज माफ करने व 2 लाख युवाओं को नौकरी लगाने का वायदा किया था जिस पर राजस्थान के किसान और युवाओं ने जमकर कांग्रेस को वोट दिया और कांग्रेस की सरकार बनाई किंतु कांग्रेस की गहलोत सरकार द्वारा किसानों और युवाओं के साथ धोखेबाजी की न तो किसानों के कर्ज माफ किया ना ही युवाओं को रोजगार दिया साथ ही कांग्रेस के राज में राजस्थान में समस्त पेपर लीक हुए जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के भविष्य पर कठोराघात हुआ किसी भी युवा की नौकरी नहीं लगी कांग्रेस सरकार द्वारा कोई भी रोजगार के साधन नहीं खोले गए, बिजली पानी की व्यवस्था सुचारू नहीं रही सड़क नहीं बनी डीग कुम्हेर क्षेत्र में गौशाला नहीं खुलपाई पीने के पानी व सिंचाई के पानी की व्यवस्था नहीं हुई स्कूलों में अध्यापक नहीं लगे अस्पतालों में डॉक्टर की व्यवस्था नहीं हुई । इस तरह से कांग्रेस सरकार पूरी तरह से फैल रही । अब समय आ चुका है कांग्रेस सरकार को बदलने का अतः आगामी 2023 के दिसंबर माह में होने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएं डीग कुम्हेर से स्थानीय विधायक भारतीय जनता पार्टी का चुनें जो की हेड क्वार्टर पर आसानी से उपलब्ध हो सके बाहरी लोगों को बाहर का रास्ता दिखा दे यदि स्थानीय विधायक बनेगा तो आम नागरिक आसानी से मिलकर अपने काम कर सकेगा प्रताप सिंह मेहरावर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 9 वर्ष में कराए गए कार्यों को भी जनता के समक्ष गिनाये और कहा कि 2024 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनाएं व 2023 में राज्य में भाजपा की सरकार बनाएं जिससे डबल इंजन की सरकार में आसानी से लोगों के काम हो सके परिवर्तन यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार सिंह चाहर सांसद फतेहपुर सुमेर सुमेधानन्द स्वामी सांसद सीकर रंजीता कोली सांसद भरतपुर, अरुण चतुर्वेदी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा , अलका गुर्जर राष्ट्रीय महामंत्री महिला मोर्चा, जिला अध्यक्ष भाजपा ऋषि बंसल के अलावा भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे कार्यकर्ताओं में आगामी चुनाव में बीजेपी की सरकार बनने का उत्साह देखा गया कार्यक्रम का संचालन बलवीर सिंह उप सरपंच जोंदेला ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता सांतरूक के राजेंद्र सिंह सेक्रेटरी ने की अतिथियों का आभार गुण सारे गांव के नवाब सिंह ने किया जेसीबी पर चढ़कर लोगों ने प्रवर्तन यात्रा में आए हुए अतिथियों पर फूल बरसा की।व्यवस्थाओं में विशन चाहर राकेश यादव मायाराम लक्ष्मन उदय नम्वरदार देवीसिंह गोरधन भगतसिंह मोहनसिंह पूनिया थे।

# भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा का आयोजन आज

## संभावित प्रत्याशी समय सिंह जाटव ने लोगों से यात्रा में आने को किया आह्वान




चमकता राजस्थान

भुसावर (राजवीर सिंह) भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा का 8 सितंबर को वैर विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश होगा। नदबई से आने वाली यात्रा का जगह-जगह जोरदार स्वागत की तैयारी की जा रही है जिसको लेकर भाजपा में टिकट मांगने वाले संभावित उम्मीदवार अपनी अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है की टिकट की घोषणा से पहले यह अंतिम अवसर है जिसमें कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पाली पर बहादुर सिंह कोली प्रोफेसर जग्गोसिंह, हलैना पर पूर्व प्रदेश मंत्री महेंद्र सिंह जाटव स्वागत करेंगे तथा भोजन का कार्यक्रम होगा। तथा आमोली पर समय सिंह जाटव, छोकरवाड़ा पर पूर्व आईएएस अधिकारी नन्नू मल पहाड़िया तथा विजय जाटव, भुसावर गणेश मंदिर पर रामस्वरूप कोली, शिवानी दायमा, बारौली मोड पर देशराज जाटव, नहरपुर पर सुनील जाटव, सिरस मोड पर ओमप्रकाश पहाड़िया, जगजीवनपुर पर देशराज जाटव, नेतराम जाटव, वैर पंचायत समिति पर अतर सिंह पगारिया, समराया पर कौमल महावर ,भगोरी पर डॉक्टर रितु बनावत, भीम नगर पर ग्यासा राम कोली, पंचायत समिति बयाना पर वीरेंद्र जाटव, मीराना तिराए पर डॉक्टर लखपत सिंह, वन विभाग पर दिनेश कोली ,बयाना में यात्रा भोजन व रात्रि विश्राम करेगी। कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए सभी संभावित प्रत्याशी अपने-अपने हथकंडे अपना रहे हैं। आमोली पर युवा भाजपा नेता समय सिंह जाटव द्वारा जोरदार तरीके से यात्रा का स्वागत किया जाएगा। भीड़ को संगठित करने के उद्देश्य से जाने-माने गायक कलाकार मनीष मस्ताना को बुलाया गया है जो मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा ।तथा पुष्प वर्षा के लिए जेसीबी मशीन मंगवाई गई हैं। तथा यात्रियों व कार्यकर्ताओं का यहां पर जलपान कराया जाएगा। समय सिंह जाटव ने जगह-जगह दौरा करते हुए पीले चावल बांटे और अधिक से अधिक जुटाने के लिए पूरे प्रयास कर रहे हैं ।वहीं छोकरवाड़ा पर नन्नूमल पहाड़िया ने गायक कलाकार इंद्रेश गुर्जर को बुलाया है। बारौली मोड पर देशराज जाटव ने भजन जकड़ी कार्यक्रम रखा है जिसमें पूजा डागुर ,लक्ष्मी सिनसिनवार, राधा यादव को बुलाया है नरहरपुर पर सुनील जाटव ने हरिराम गुर्जर गायक कलाकार को बुलाया है जो की जनता को अपनी ओर आकर्षित करेंगे।

# बाल पाठशाला में डॉ. रेनू सिंह ने दांतों का निशुल्क कैंप लगाया




चमकता राजस्थान

भरतपुर (राजवीर सिंह) विजय नगर कॉलोनी हीरादास स्थित फाउंडर दिगंबर सिंह द्वारा संचालित निशुल्क बाल पाठशाला में कृष्ण जन्माष्टमी के उत्सव पर बाल पाठशाला के सभी बच्चों का दंत परीक्षण डॉ रेनू सिंह (धानोता) द्वारा निशुल्क कैंप लगा कर किया गया जिसमें बच्चों के दातों की बीमारियों के बारे में उचित सलाह देकर उनका परीक्षण किया और परामर्श भी दिया जिन बच्चों में ज्यादा परेशानियां दिखाई दी उनको क्लीनिक पर निशुल्क इलाज करने का भी वादा किया

जिनके साथ में हिम्मत सिंह और अन्य महिलाओं ने भी जिसमें गीता, पूनम, अंजलि कुंतल आदि ने महिलाओं संबंधित बीमारियों की भी जानकारियां दी बाल पाठशाला में इस अवसर पर बच्चों को फल व बिस्किट वितरण किए इस अवसर पर समिति अध्यक्ष वीरपाल सिंह व संरक्षक प्रेम सिंह अध्यापक ने सभी का धन्यवाद प्रकट किया इस मौके पर संदीप सिंह, अभिषेक कुमार, छात्र नेता देवेंद्र सिंह हथैनी, गौरव गौतम, लीलाधर गुधैनियां आदि उपस्थित रहे एवं कॉलोनी वासियों ने इस कैंप का बखूबी लाभ उठाया

